संस्थापक : श्रद्धेय राकेश भारद्वाज | समूह संपादक : रवि भारद्वाज | देहरादून, बुधवार, 13 दिसंबर 2023 ₹ 1 | www.actionindialive.com | facebook.com/actionindialive



प्रसिद्ध बॉलीवुड अभिनेता अनुपम खेर ने मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से सचिवालय में भेंट की।

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# एक्शन इंडिया

वर्ष: 14 अंक: 332 पृष्ठ: 08

RNI : UTTHIN/2009/31653

actionindiaddn@gmail.com

उत्तराखण्ड संस्करण

दिल्ली - हरियाणा - हिमाचल प्रदेश - उत्तराखण्ड

RKB GROUP
Rakesh Bhardwaj Group

## फास्ट न्यूज

### सीबीएसई ने 10वीं और 12वीं बोर्ड परीक्षाओं के लिए जारी की डेटशीट

**नई दिल्ली।** केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) ने मंगलवार को 10वीं और 12वीं की परीक्षा के लिए डेट शीट की घोषणा कर दी है। कक्षा 10वीं की परीक्षा 19 फरवरी से और 12वीं की परीक्षाएं 15 फरवरी 2023 से शुरू होंगी। दोनों परीक्षाएं 10 अप्रैल, 2024 तक समाप्त होंगी। वेबसाइट के अनुसार परीक्षाएं सुबह 10.30 बजे से शुरू होंगी और 1.30 बजे तक चलेंगी। सीबीएसई के 10वीं और 12वीं की डेट शीट आधिकारिक वेबसाइट cbse.nic.in और cbse.gov.in पर उपलब्ध है। 10 वीं का संस्कृत पेपर 19 फरवरी को, 21 फरवरी को हिन्दी, 26 फरवरी को अंग्रेजी, 2 मार्च को साइंस 4 मार्च को होम साइंस, 7 मार्च को सोशल साइंस, 11 मार्च को गणित और 13 मार्च को आईटी का पेपर होगा।

### भारत के विकास में लाभकारी है 5 डी : राष्ट्रपति

**लखनऊ।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने कहा कि भारत के पास 5 डी है, जो विकास की यात्रा में लाभकारी है। हमारी अर्थव्यवस्था एक दशक पहले 11वें पायदान पर थी। आज पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है और 2030 तक यह तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की राह पर अग्रसर है।

# राजस्थान को मिला ब्राह्मण मुख्यमंत्री

## = नौ दिन से जारी सियासी उथल-पुथल पर आखिरकार लगा विराम

**लगी मुहर...**

8 राजस्थान में दो डिप्टी सीएम भी होंगे। इसके लिए प्रेम चंद बैरवा और दीया कुमारी के नाम पर मुहर लगी है।



**टीम एक्शन इंडिया/जयपुर**
राजस्थान के नए मुख्यमंत्री के नाम का एलान कर दिया गया है। भजन लाल शर्मा के हाथों में अब राज्य की सत्ता की कमान होगी। भाजपा विधायक दल की बैठक में भजन लाल शर्मा के नाम पर सर्वसम्मति से मुहर लगाई गई। वे सांगानेर विधानसभा सीट से विधायक हैं। इनके नाम का प्रस्ताव पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे ने रखा। इसके साथ ही पार्टी ने तय किया है कि राजस्थान में दो डिप्टी सीएम भी होंगे। इसके लिए प्रेम चंद बैरवा और दीया कुमारी के नाम पर मुहर लगी है। स्पीकर के लिए वासुदेव देवनानी का नाम फाइनल किया गया है। इससे पहले पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे ने दिल्ली में भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा से मुलाकात की थी। वसुंधरा ने चुनावी नजीतों के बाद पार्टी के कई विधायकों को डिनर पार्टी दी थी, जिसे दबाव की राजनीति के तौर पर देखा गया था। हालांकि, नड्डा से मुलाकात के बाद वसुंधरा के सुर बदले-बदले नजर आए थ और उन्होंने खुद को पार्टी का अनुशासित कार्यकर्ता बताया था।

**विधायक दल की बैठक में चुना गया नेता :** इसके बाद पार्टी ने राज्य के लिए पर्यवेक्षकों की नियुक्ति कर दी थी। उन्हें राज्य में मुख्यमंत्री पद को लेकर जारी सस्पेंस पर विराम लगाने और विधायक दल का नेता चुनने के लिए सभी की सहमति बनाने का जिम्मा सौंपा गया था। इसके बाद मंगलवार को हुई विधायक दल की बैठक में भजन लाल शर्मा को चुना गया।

**विधायक बने सांसदों के इस्तीफे ने बढ़ा दी थी सरगर्मी:** इससे पहले राजस्थान के राजसमंद की सांसद दीया कुमारी, जयपुर के सांसद राज्यवर्धन सिंह राठौड़, राज्यसभा सदस्य किरोड़ी लाल मीणा और अलवर के सांसद बाबा बालक नाथ ने विधानसभा चुनाव जीतने के बाद इस्तीफा दे दिया था। इसके बाद से अटकलें लगाई जाने लगी थीं कि पार्टी वसुंधरा के अलावा किसी दूसरे चेहरे पर दांव खेल सकती है।

**21 सांसदों को उम्मीदवार बनाया था:** भाजपा ने मध्य प्रदेश, राजस्थान, छत्तीसगढ़ और तेलंगाना के विधानसभा चुनावों में कुल 21 सांसदों को उम्मीदवार बनाया था। इनमें से 12 ने जीत दर्ज की है। भाजपा ने मध्य प्रदेश और राजस्थान में सात-सात, छत्तीसगढ़ में चार और तेलंगाना में तीन सांसदों को विधानसभा चुनाव के मैदान में उतारा था।

**मध्य प्रदेश-छत्तीसगढ़ में चौंकाया:** इससे पहले भाजपा ने मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री के तौर पर मोहन यादव के नाम पर मुहर लगाकर सभी चौंका दिया था। मोहन यादव उज्जैन दक्षिण विधानसभा सीट से विधायक हैं। यह भी तय किया गया कि मध्य प्रदेश में दो उपमुख्यमंत्री भी होंगे। इनके लिए जगदीश देवड़ा और राजेंद्र शुक्ला का चुना गया। जगदीश देवड़ा मल्हारगढ़ और राजेंद्र शुक्ला रीवा से विधायक हैं।

इसके अलावा स्पीकर पद के लिए नरेंद्र सिंह तोमर के नाम का एलान किया गया था। वहीं, छत्तीसगढ़ में भाजपा ने विष्णुदेव साय को मुख्यमंत्री के लिए चुनकर सियासी गलियारे में हलचल मचा दी थी। इसके साथ ही यह भी बताया गया कि राज्य में दो डिप्टी सीएम होंगे और पूर्व मुख्यमंत्री रमन सिंह स्पीकर हो सकते हैं।

### सीएम का प्रोफाइल: चार बार भाजपा के प्रदेश महामंत्री रहे भजन लाल शर्मा

**टीम एक्शन इंडिया/जयपुर**
**भारतीय** जनता पार्टी ने राजस्थान में इस बार ब्राह्मण चेहरे पर भरोसा जताते हुए भजन लाल शर्मा को राज्य का नया मुख्यमंत्री बनाया है। 56 साल के शर्मा भाजपा के चार प्रदेश अध्यक्षों के साथ भाजपा के प्रदेश महामंत्री रहे हैं। उन्होंने राजस्थान यूनिवर्सिटी से 1993 में राजनीति में एमए की डिग्री हासिल की है। वह भरतपुर के रहने वाले हैं। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ से जुड़े होने के कारण भाजपा में उनकी गहरी पकड़ है। केंद्रीय पर्यवेक्षक राजनाथ सिंह, विनोद तावड़े और सरोज पांडेय की मौजूदगी में उन्हें विधायक दल का नेता चुना गया।



शर्मा पहली बार जयपुर की सांगानेर विधानसभा सीट से चुनाव लड़े और जीते। उन्हें मौजूदा विधायक अशोक लाहोटी का टिकट काटकर उम्मीदवार बनाया गया था।

### राजस्थान: ब्राह्मण मुख्यमंत्री, राजपूत और दलित बने उप-मुख्यमंत्री

**नई दिल्ली :** राजस्थान में नौ दिन से जारी सियासी अटकलों पर आखिरकार मंगलवार को विराम लग गया। भाजपा के केंद्रीय पर्यवेक्षकों ने राजस्थान के नए मुख्यमंत्री के नाम का एलान कर दिया। भजन लाल शर्मा राज्य के अगले मुख्यमंत्री होंगे। इसके साथ ही दीया कुमारी और प्रेम चंद बैरवा के रूप में दो उप मुख्यमंत्री भी बनाए जाएंगे। नई सरकार का शपथ ग्रहण 15 दिसंबर को होगा।

अजमेर उत्तर से विधायक वासुदेव देवनानी राजस्थान विधानसभा के अगले अध्यक्ष होंगे। भाजपा ने इन नामों के साथ पूरे राजस्थान में जातीय समीकरण को साधने की कोशिश की है। ऐसे ही फैसले पहले मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ को लेकर किए गए।

# पीएम ने वैश्विक फ्रेमवर्क तैयार करने पर दिया जोर



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**प्रधानमंत्री** नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार को आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) के सकारात्मक और नकारात्मक प्रभावों पर प्रकाश डालते हुए विश्व से आग्रह किया कि जल्द ही इसके उचित उपयोग के लिए एक फ्रेमवर्क तैयार किया जाना चाहिए। प्रधानमंत्री आज नई दिल्ली में भारत मंडपम में ग्लोबल पार्टनरशिप ऑन आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (जीपीएआई) शिखर सम्मेलन का उद्घाटन किया। जीपीएआई 29 सदस्य देशों की पहल है। भारत 2024 के लिए जीपीएआई का अध्यक्ष है। इसका उद्देश्य एआई से जुड़ी प्राथमिकताओं पर अत्याधुनिक अनुसंधान और व्यावहारिक गतिविधियों में मदद करके एआई पर सिद्धांत और व्यवहार के अंतर को कम करना है। प्रधानमंत्री ने कहा कि एआई में बदलाव लाने की क्षमता है, लेकिन हमें इसे ज्यादा से ज्यादा पारदर्शी बनाना होगा। इसकी शुरूआत डेटा और एल्गोरिदम को पारदर्शी और पक्षपात मुक्त बना कर कर सकते हैं। डीप फेक की चुनौती आज पूरी दुनिया के सामने है। इसके अलावा सायबर सुरक्षा, डेटा चोरी और आतंकियों के हाथ में एआई टूल के आने का भी बहुत बड़ा खतरा है। एक वैश्विक अभियान बनने के कारण हम सभी को मिलकर काम करना होगा। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि नैतिक, आर्थिक और सामाजिक चिंताओं पर ध्यान दिए बिना एआई पर विश्वास नहीं बढ़ाया जा सकता है। हमें युवाओं का विश्वास दिलाना होगा कि इसका प्रयोग उनके कौशल के विकास में होगा। हमें विश्वास दिलाना होगा कि एआई लोगों की निजता को बनाए रखेगी। हमें ग्लोबल साउथ के देशों का विश्वास दिलाना होगा कि एआई उनके भविष्य के रास्ते में नहीं आएगी। उन्होंने कहा कि एआई की विकास यात्रा जितनी अधिक समावेशी होगी।

### आपत्तिजनक लेख लिखने पर संजय पर देशद्रोह का मामला दर्ज

**मुंबई।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के बारे में आपत्तिजनक लेख लिखने पर शिवसेना (यूबीटी) के नेता संजय राऊत के विरुद्ध देशद्रोह का मामला दर्ज किया गया है। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के यवतमाल जिला संयोजक नितीन भुतडा ने उमरखेड़ पुलिस स्टेशन में सोमवार को देर रात यह मामला दर्ज करवाया है। नितीन भूतड़ा ने मंगलवार को मीडिया को बताया कि संजय राऊत ने शिवसेना के मुखपत्र में प्रधानमंत्री मोदी को बदनाम करने संबंधी लेख लिखा है। इस लेख से समाज की भावनाएं आहत हो रही हैं। संजय राऊत के लेख से समाज के बीच दरार पैदा हो सकती है, इसी वजह से उन्होंने यवतमाल जिले के उमरखेड़ पुलिस में संजय राऊत के विरुद्ध देशद्रोह का मामला दर्ज करवाया है।






# स्वर्णिम अमृत संदेश यात्रा से पर्यावरण के प्रति जीवन शैली में बदलाव को मिलेगी प्रेरणा: धामी

**देहरादून/टीम एक्शन इंडिया**
मुख्यमंत्री ने स्वर्णिम अमृत संदेश यात्रा से लोगों में पर्यावरण के प्रति जीवन शैली में बदलाव लाने की प्रेरणा मिलेगी। इस दौरान उन्होंने कहा कि किसी आयोजन को यादगार बनाने में पेड़ों की बड़ी भूमिका होती है। पेड़ जहां जीवन के आधार है वहीं हमारी संस्कृति और स्मृति के भी प्रतीक हैं।
बुधवार को मुख्यमंत्री आवास स्थित कैम्प कार्यालय में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने हेमवती नन्दन बहुगुणा गढ़वाल केन्द्रीय विश्वविद्यालय श्रीनगर गढ़वाल और कुमाऊं विश्वविद्यालय नैनीताल के स्थापना के स्वर्ण जयंती वर्ष पर आयोजित ह्यस्वर्णिम अमृत संदेश रथ यात्राह्ल का शुभारम्भ स्मृति पौध भेंट कर किया।



इस मौके पर मुख्यमंत्री ने यूकॉस्ट की ओर से आयोजित ह्यअभिनन्दन एवं पौध भेंट समारोहह्ल में विश्वविद्यालयों को शुभकामना दी। उन्होंने कहा कि दोनों विश्वविद्यालय अपने स्वर्ण जयंती वर्ष को इको फ्रेंडली रूप से मना रहे हैं और दूसरे को पचास-पचास पेड़ भेंट कर एक विश्वविद्यालय के सदस्य दूसरे विश्वविद्यालय में पहुंचकर पचास पौधों का रोपण करेंगे।
मुख्यमंत्री ने कहा कि विश्वविद्यालय में अध्ययनरत हमारे युवा बौद्धिक रूप से जागृत और समझदार होते हैं। जन-जन तक संदेश पहुंचाने में इनकी महत्वपूर्ण भूमिका होती है। जलवायु परिवर्तन से उपजी समस्याओं के प्रति प्रधानमंत्री मोदी ने पूरे विश्व की जीवन शैली में परिवर्तन लाने का आह्वान किया है। उन्होंने कहा कि इस संदेश यात्रा से लोगों में पर्यावरण के प्रति जीवन शैली में बदलाव लाने की प्रेरणा भी मिलेगी। यह यात्रा लोगों में अपनी संस्कृति, स्वच्छ परम्परा, खान पान, बोली-भाषा के प्रति भी जागरूकता पैदा करेगी।
यूकॉस्ट के महानिदेशक प्रो. दुर्गेश पन्त ने कहा कि इस आयोजन के तहत मुख्यमंत्री का संदेश दोनों विश्वविद्यालय के छात्र-छात्राओं तक पहुंचेगा। इस यात्रा को बहुआयामी तथा उद्देश्यपरक बनाने के लिए यूकॉस्ट द्वारा दोनों विश्वविद्यालयों में विचार गोष्ठी का भी आयोजन किया जा रहा है। लाइफ स्टाइल फॉर इन्वायरमेंट तथा जलवायु परिवर्तन पर विशेषज्ञों के व्याख्यान भी कराए जायेंगे।
उन्होंने कहा कि श्रीनगर गढ़वाल से जो दल नैनीताल रवाना होगा वह अपने साथ गंगा जल भी ले जायेगा जिसे नैनीताल में मां नैना देवी के दर्शन के बाद नैनीझील में प्रवाहित किया जायेगा। दोनों विश्वविद्यालय अपने कुछ महत्वपूर्ण प्रकाशन की पुस्तकें भी एक दूसरे को भेंट करेंगें।
ह्यस्वर्णिम अमृत संदेश रथ यात्राह्ल को आकार देने वाले मैती संस्था के संस्थापक पद्म श्री डॉ. कल्याण सिंह रावत ने कहा कि बदलते जलवायु के संकेतों से अब हमें, जागरूक होने की जरूरत है। यदि अभी भी हम नहीं जागे तो बहुत देर हो जायेगी।
हमें अपने आवश्यकताओं को न्यून करके जीवन शैली में बदलाव लाना होगा।

# मंत्री ने पुराने रेलवे स्टेशन मार्ग को बंद कर, नए बनाए गए मार्ग का किया निरीक्षण

**ऋषिकेश/टीम एक्शन इंडिया**
क्षेत्रीय विधायक और मंत्री डा. प्रेमचंद अग्रवाल ने पुराने रेलवे स्टेशन मार्ग को बंद कर उसके समीप से बनए गए अन्य मार्ग की गुणवत्ता का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान खराब गुणवत्ता के लिए डा. अग्रवाल ने डीआरएम मुरादाबाद से दूरभाष पर वार्ता कर समाधान के लिए निर्देशित किया।
मंगलवार को डा. अग्रवाल ने डीआरएम को बताया कि पुराने रेलवे मार्ग जो कि शहर के अन्य जगहों को जोड़ता है। बताया कि इस मार्ग से इंद्रा नगर, नेहरूग्राम, विस्थापित, प्रगति विहार, आशुतोष नगर, ऋषिलोक कॉलोनी, बनखंडी, शांतिनगर, रेलवे रोड सहित अन्य मार्ग के प्रतिदिन स्थानीय लोग आवागमन करते है। डा. अग्रवाल ने बताया कि इसी मार्ग से देहरादून तथा एम्स अस्पताल के लिए भी मरीज एवं उनके तीमारदार पहुंचते हैं। इसके अलावा एंबुलेंस, स्कूली वाहन,



परिवहन बसें आदि भी इसी मार्ग से गुजरते है। डा. अग्रवाल ने कहा कि ऐसे में इस मार्ग की उपयोगिता और भी बढ़ जाती है।
उन्होंने बताया कि पुराने रेलवे स्टेशन मार्ग की हालात खस्ता है। जगह-जगह गड्ढे होने के साथ ही धुल के कण आसपास के घरों में पहुंचती है, जो मानवीय दृष्टि से सही नहीं हैं। उन्होंने कहा कि इस मार्ग की गुणवत्ता सही न हो पाने के चलते मार्ग से आवागमन कठिनाइयों भरा है।उन्होंने डीआरएम मुरादाबाद को निर्देशित कर कहा कि इस मार्ग की गुणवत्ता को दुरुस्त किया जाए, जिससे मार्ग का आवागमन सुगम हो सके।
इस पर डीआरएम ने अधीनस्थ को मौके पर जाकर व्यवस्था देखने को कहा। इस अवसर पर एडवोकेट व भाजपा नेता राकेश पारछा, प्रदीप दुबे, निवर्तमान पार्षद राजेश दीवाकर, सरदार गुरविंदर सिंह आदि उपस्थित रहे।

## न्यूज फ्लैश

### न्यूगो ने ऋषिकेश से दिल्ली, देहरादून और मेरठ के बीच यात्रा को बनाया आसान

**ऋषिकेश/टीम एक्शन इंडिया**
ग्रीनसेल मोबिलिटी ने अपनी न्यूगो सेवा की शुरूआत की है। यह भारत की एक अत्याधुनिक बस सेवा है जिसके माध्यम से आप एक शहर से दूसरे शहर तक बड़ी आसानी से यात्रा कर सकते हैं और इससे प्रदूषण भी नहीं बढ़ेगा। यह ब्राण्ड ऋषिकेश से दिल्ली, देहरादून और मेरठ तक किफायती कीमत पर पर्यावरण के अनुकूल और आरामदायक यात्राओं का वादा करता है। यह पर्यावरण के लिये जिम्मेदारी को सबसे अधिक महत्व देकर यात्रा के अनुभवों को नये अंदाज में पेश कर रहा है।
ऋषिकेश जिसे विश्व का योगा कैपिटल भी कहा जाता है, जोकि अब न्यूगो के साथ पड़ोसी राज्यों की राजधानियों से अच्छी तरह कनेक्टेड है। न्यूगो के रुट्स ऋषिकेश से दिल्ली, देहरादून और मेरठ कॉरिडोर्स पर चालू हैं। इन मार्गों पर न्यूगो के कोचेस घंटे के आधार पर चलते हैं, ताकि यात्री किफायती कीमतों पर बिना परेशानी के अपने शहर पहुँच सकें। न्यूगो के कोचेस में बैठने वाले यात्रियों को न सिर्फ पारंपरिक अपेक्षाओं से ज्यादा, एक संतोषजनक अनुभव मिलता है, बल्कि पर्यावरण पर प्रभाव को कम करने, ऊर्जा बचाने और हवा की गुणवत्ता बेहतर बनाने में उनका योगदान भी रहता है।
न्यूगो पारंपरिक बस यात्रा में शानदार है और इसमें हवाई यात्रा जैसा आराम मिलता है। साथ ही पर्यावरण का भी खास ख्याल रखा जाता है। इन मार्गों के यात्री बेजोड़ यात्रा के लिये आश्वस्त रहते हैं, उन्हें सीट पाने में मदद मिलती है, साफ और डिसइंफेक्टेड टिश्यूज और वाटर बॉटल्स मिलती हैं। वे आवाज नहीं करने वालीं, न्यूगो की एसी इलेक्ट्रिक बसों में शांति से यात्रा कर सकते हैं। कोचेस में अत्याधुनिक एडवांसमेन्ट्स भी हैं, जो यात्रियों को व्यापक सुविधा देते हैं।
न्यूगो अपने मेहमानों की सुरक्षा और आराम पर खास जोर देता है। यह बात उन्नत लॉन्जेस की स्थापना में बखूबी दिखती है। न्यूगो के साथ यात्रा के लिये इंतजार कर रहे यात्री इन लॉन्जेस में विभिन्न सुविधाओं का आनंद ले सकते हैं। पूरी तरह से वातानुकूलित यह जगहें साफ और सैनिटाइज्ड विश्रामकक्षों, कॉम्प्लिमेंटरी वाईफाई, चार्जिंग पॉइंट्स और कैफे जैसे रेस्टोरेन्ट्स, आदि जैसी सुविधाओं की पेशकश करती हैं।न्यूगो की ऋषिकेश से दिल्ली, देहरादून और मेरठ सेवा का परिचालन सुबह 6 बजे से लेकर रात 12 बजे तक चलने वाली बसों से होता है। पूरे दिन के लिये कई प्रस्थान तय रहते हैं, जिससे यात्रियों को लचीलापन मिलता है। इन मार्गों के लिये विभिन्न चैनलों के माध्यम से सीट बुक कराई जा सकती हैं।

### धर्मा क्रियेशन द्वारा 17 दिसम्बर को किया जा रहा म्यूजिक कन्सर्ट का आयोजन

**देहरादून/टीम एक्शन इंडिया**
मंगलवार को धर्मा क्रियेशन द्वारा प्रेस वार्ता का आयोजन किया गया है जिसमें धर्मा क्रियेशन के निदेशक आकाश गुप्ता ने बताया कि 17 दिसम्बर 2023 को धर्मा क्रियेशन द्वारा देहरादून में म्यूजिक नाईट का आयोजन किया जा रहा है जिसमें मुख्य रूप से पैराडॉक्स (सुकराना) का म्यूजिक कन्सर्ट होगा। इस कार्यक्रम में मुख्य प्रस्तुति पैराडॉक्स की होगी इसके अतिरिक्त कार्यक्रम में उत्तराखण्ड के पहाडी सिंगर टीम इवोल्यूशन ग्रुप के अनिकेत डकैत, टू फिसिटेड, डीजे प्रोजेक अपनी प्रस्तुति देंगे।
आकाश गुप्ता ने अवगत कराया कि पैराडॉक्टस (सुकराना) रेपर के बड़े कलाकार है तथा उनकी आवाज का जादू युवाओं में बहुत लोकप्रिय है।इस कार्यक्रम का आयोजन सेफरोन लीफ, जी०एम०एस० रोड देहरादून में सांध्य 6 बजे से प्रारम्भ होगा। इस कार्यक्रम को कमल ज्वैलर्स, देव भूमि यूनिवर्सिटी, भुटान ग्रुप, नेशनल गोल्ड लोन, हाइप, प्रापवून, रेड एफएम, के०आई०बी० टेक्नोलॉजी, जेएमएलटी, काल्सबर्ग, बेलनटाइंस, एलाइन वाटर द्वारा प्रायोजित किया जा रहा है। इस कार्यक्रम को सुचारू रूप से सम्पन्न कराने के लिए धर्मा क्रिएशन की टीम जिसमें आकाश गुप्ता, सुमित तिवारी, फैसल खान, मोहम्मद अरसद, कनिष्क सिंह, संजय बिष्ट, अमन गुप्ता, निशांत गुप्ता, रामेश्वर मिश्रा, का विशेष योगदान रहेगा।

# जिला उपभोक्ता फोरम में अध्यक्ष और सदस्यों की नियुक्ति को लेकर प्रदर्शन

**हरिद्वार/टीम एक्शन इंडिया**
जिला मुख्यालय रोशनाबाद पर कांग्रेस प्रदेश महासचिव राजेश रस्तोगी के नेतृत्व में कांग्रेसियों ने प्रदर्शन कर मुख्यमंत्री के नाम जिलाधिकारी के माध्यम से ज्ञापन पत्र प्रेषित किया। ज्ञापन में हरिद्वार जिला उपभोक्ता फोरम विवाद प्रतितोष आयोग हरिद्वार में तत्काल अध्यक्ष और सदस्यों की नियुक्ति कराए जाने की मांग की है।
इस अवसर पर कांग्रेस के प्रदेश महासचिव राजेश रस्तोगी ने कहा कि पिछले एक वर्ष से जिला उपभोक्ता फोरम विवाद प्रतितोष आयोग में अध्यक्ष एवं सदस्यों के पद रिक्त हैं, जिस कारण वादकारियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। लोगों को न्याय मिलने में विलंब हो रहा है। जिला उपभोक्ता फोरम विवाद प्रतितोष आयोग में परिवादों की पत्रावली भारी मात्रा में एकत्रित हो रही है। उन पर कोई कार्रवाई नहीं हो रही है, जिस कारण सरकार की छवि भी खराब हो रही है।
रस्तोगी ने कहा कि भाजपा के जनप्रतिनिधियों के निकम्मेपन के कारण पिछले 1 साल का समय व्यतीत हो जाने के बाद भी जिला उपभोक्ता फोरम विवाद परितोष आयोग में अध्यक्ष और सदस्यों की नियुक्ति नहीं हुई है।
उन्होंने कहा कि आज तो मुख्यमंत्री को जिलाधिकारी के माध्यम से कांग्रेस पार्टी ने ज्ञापन पत्र अपर जिला अधिकारी के द्वारा प्रेषित किया है।

# चांदनीखाल-रडुवा सड़क को लेकर ग्रामीणों ने किया विरोध

**गोपेश्वर/टीम एक्शन इंडिया**
चमोली जिले के पोखरी विकास खंड के जोरासी ग्राम पंचायत के लोगों ने लोक निर्माण विभाग पोखरी पर आरोप लगाते हुए मंगलवार को उप जिलाधिकारी पोखरी को ज्ञापन दिया है कि ग्रामीणों की अनुमति के बिना विभाग की ओर से ग्रामीण की नाम भूमि चांदनीखाल-रडुवा मोटर मार्ग के लिए दिया जा रहा है जो कि सरासर गलत है और ग्रामीण इसका विरोध करते है।
जौरासी के प्रधान विनोद लाल, धनेवी देवी, जमोत्री देवी, देवेन्द्र कुमार, महेशी देवी, भादू लाल, मनोरमा देवी, हेमा देवी, बेला देवी, सुनीता देवी, कमला देवी, विमला देवी,विषेश्वरी देवी,



कुंवरी देवी का कहना है कि लोक निर्माण विभाग की ओर से चांदनीखाल से रडुवा-काण्डई-रैसू सड़क मार्ग स्वीकृत है। जिसका निर्माण चांदनीखाल से अटल उत्कृष्ट विद्यालय राजकीय इंटर कालेज रडुवा होते हुए होना है, लेकिन कार्यदायी संस्था लोक निर्माण विभाग चांदनीखाल से सड़क का निर्माण करने के बजाय एक किलोमीटर आगे हापला की तरफ किमोठा से करवाया रहा है। जहां ग्राम सभा जौरासी और किमोठा के ग्रामीणों की नाप और कृषि भूमि है।
ग्रामवासी इन खेतों से सड़क मार्ग के निर्माण के लिए सहमत नहीं हैं। साथ ही उनका यह भी कहना है कि इस सड़क मार्ग के निर्माण के लिए विभाग की ओर से जौरासी और किमोठा के ग्रामीणों से कोई अनापत्ति प्रमाण पत्र भी नहीं लिया गया है। और ग्रामीण इस सड़क के लिए अपने खेत देने को तैयार नहीं है। उनका यह भी कहना है कि यदि सड़क निर्माण में उनकी नाप भूमि काट जाती है तो वे लोग भूमिहीन हो जायेंगे। उन्होंने उप जिलाधिकारी को मामले की जांच कर सड़क निर्माण के लिए नये ढंग से सर्वे करवाया जाए ताकि उनकी नाम भूमि को बचाया जा सके।

# गौ तस्करों के खिलाफ पुलिस की कार्रवाई

**गिरफ्तार**

**8 पुलिस ने एक जिंदा गौ वंश बरामद करते हुए एक आरोपित को गिरफ्तार किया है।**

**हरिद्वार/टीम एक्शन इंडिया**
पुलिस ने एक जिंदा गौ वंश बरामद करते हुए एक आरोपित को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने तस्करी में प्रयुक्त कार को भी कब्जे में ले लिया है।
पथरी थाना पुलिस को चैकिंग के दौरान बहादराबाद रोड पर एक सेंट्रो कार में कुछ व्यक्तियों को एक जिंदा गाय को ले जाने की



सूचना मिली। इस पर पुलिस ने बहादराबाद रोड पर घेराबंदी की और उन्होंने जब कार को रोकने का इशारा किया गया तो चालक ने कार को दौड़ा दिया। पुलिस ने कार का पीछा करते हुए इब्राहिमपुर में गाड़ी को घेर लिया। इस दौरान गाड़ी से एक व्यक्ति भाग निकलने में कामयाब रहा, जबकि दूसरे को पुलिस ने पकड़ लिया। कार की चैकिंग करने पर कार के अंदर से एक जिंदा गाय बरामद हुई। पकड़े गए आरोपित का नाम नवाब पुत्री यासीन निवासी इब्राहिमपुर थाना पथरी जनपद हरिद्वार बताया गया है।

# रहस्यमय तरीके से लापता हुए संत का कोई सुराग नहीं

**हरिद्वार/टीम एक्शन इंडिया**
बैरागी कैंप स्थित बैरागी दिगंबर अखाड़े के रहस्यमय तरीके से लापता हुए संत का अभी तक कोई सुराग नहीं लगा है। संत की सूचना देने वाले को 51 हजार के इनाम की भी घोषणा की है।
रिपोर्ट दर्ज होने के बाद हरकत में आई पुलिस संत की तलाश में जुट गई है। इसके साथ ही उनकी कॉल डिटेल भी खंगाली जा रही है। अभी तक लापता संत के बारे में कोई भी जानकारी नहीं मिल पाई है। स्वामी पवित्र दास 5 दिसंबर को किसी काम से कहकर अखाड़े में वापस 9 दिसंबर तक पहुंच जाने की बात कहकर गए थे।

# इंटेग्रा एसेंशिया लिमिटेड को 180 मिलियन रुपये का नया ऑर्डर मिला

**देहरादून /टीम एक्शन इंडिया**
लाइफ एसेंशियल्स के बिजनेस में लगी एक प्रमुख कंपनी, इंटेग्रा एसेंशिया लिमिटेड को प्रीमियम चावल की आपूर्ति के लिए 180 मिलियन का एक और नया ऑर्डर मिला है, इस प्रकार कंसोलिडेटेड ऑर्डर बुक 300 मिलियन हो गई है, जो चालू वर्ष के अंदर पूरी हो जाएगी।
मौजूदा ऑर्डर बुक, सोर्सिंग और सप्लाईज प्लान के क्रियान्वयन के साथ कंपनी चालू वित्त वर्ष के दौरान सालाना आधार पर लगभग 25 प्रतिशत की ओवरऑल ग्रोथ हासिल कर रही है।
इंटेग्रा एसेंशिया लिमिटेड चालू वित्त वर्ष की शुरूआत में निर्धारित रेवेन्यू टार्गेट्स को पार करते हुए तेजी से आगे बढ़ रही है, जीवन की आवश्यक वस्तुओं की बढ़ती मांग में स्थापित जबरदस्त बिजनेस पोटेंशियल का दोहन करने के लिए विभिन्न स्ट्रेटिजिक इंटीग्रेशन/लाइफ एसेंशियल्स और लाइफ स्टाइल प्रोडक्ट्स की वाइड वैरायटी, थोक और विशेष सामग्रियों और सेवाओं की एक विस्तृत श्रृंखला का प्रोडक्शन और मार्केटिंग के साथ अधिग्रहण की खोज करते हुए तेजी से वृद्धि दर्ज कर रही है।
इंटेग्रा एसेंशिया लिमिटेड एक कंपनी है जो लाइफ एसेंशियल्स यानी खाद्य (एग्रो प्रोडक्ट्स), कपड़े (टैक्सटाइल एंड गारमेंट्स), इंफ्रास्ट्रक्चर (कंस्ट्रक्शन और इंफ्रास्ट्रक्चर के डेवलपमेंट के लिए मटेरियल्स और सर्विसेस) और एनर्जी (रिन्यूएबल एनर्जी, इक्विपमेंट और प्रोजेक्ट्स के लिए मटेरियल्स, प्रोडक्ट्स और सर्विसेस) तथा मॉडर्न लाइफ को बनाए रखने के आवश्यक कई अन्य प्रोडक्ट्स और सर्विसेस के कारोबार में लगी हुई है।
अपने उपलब्ध रिसोर्सेज की खोज और उपयोग करके सोसाइटी, नेशन और ग्लोबल रिक्वायरमेंट्स को सर्व करने के लिए कंपनी एंड यूजर्स को न्यूनतम लागत पर वितरित करने योग्य फूड एसेंशियल्स में महत्वपूर्ण निवेश कर रही है और खुद को खाद्य उद्योग में अग्रणी खिलाड़ी के रूप में स्थापित करने पर केंद्रित है।
खाद्य आवश्यक वस्तुओं और अन्य व्यवसायों के अलावा, कंपनी वर्तमान में देश की बुनियादी ढांचे की जरूरतों के लिए थोक और विशेष सामग्री और सेवाओं की आपूर्ति पर जोर दे रही है।
इंटेग्रा एसेंशिया लिमिटेड एक ऐसा बिजनेस है जो इफेक्टिव बेसिक लाइफ मटेरियल्स और सर्विसेस को बनाने और प्रदान करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है, और वहीं दूसरी ओर एग्रो,हेल्थ और न्यूट्रीशन, कपड़े, एनर्जी और इंफ्रास्ट्रक्चर, बल्क मटेरियल्स और अन्य लाइफ स्टाइल रिलेटेड प्रोडक्ट्स की अपनी पेशकश के माध्यम से आकांक्षी जीवन स्तर, समृद्ध जीवन शैली को बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।

# दुकान में चोरी करने वाले दो शातिर गिरफ्तार, दो अन्य फरार

**हरिद्वार/टीम एक्शन इंडिया**
यूपी व उत्तराखंड में चोरी की घटनाओं को अंजाम देने वाले दो शातिर चोरों को पुलिस ने चोरी के माल सहित गिरफ्तार किया है। पकड़े गए आरोपितों के दो साथी फरार बताए गए हैं। पुलिस टीम फरार चोरों की तलाश के लिए प्रयास में जुटी है।
अमित पुत्र बृजपाल निवासी शेरपुर रुड़की ने 11 नवम्बर की रात्रि में अज्ञात चोरों द्वारा दुकान का ताला तोड़कर दुकान से नकदी व किराना का सामान चोरी कर लिए जाने के संबंध में तहरीर देकर मुकदमा दर्ज कराया था। पुलिस



अधीक्षक ग्रामीण ने प्रभारी निरीक्षक कोतवाली सिविल लाइन रुड़की के नेतृत्व में टीम का गठन किया। गठित पुलिस की टीमों ने घटनास्थल के आसपास के सीसीटीवी फुटेज चैक किये गये। सीसीटीवी फुटेज में एक सेन्ट्रो कार का होना प्रकाश में आया। चोरी के खुलासे के लिए आसपास के जनपदों व उत्तर प्रदेश के लगे थानों में भी जानकारी ली गयी। प्रभारी निरीक्षक रुड़की ने एक टीम को जनपद सहारनपुर आदि स्थानों में भेजकर चोरों के सम्बन्ध में जानकारी प्राप्त की। इसके चलते 3 आरोपितों का चोरी घटना में शामिल होना प्रकाश में आया। पुलिस टीम ने प्रकाश में आए चोरी को मुखबिर की सूचना पर बन्दा रोड माहीग्रान में किराए के मकान में रह रहे आरोपित को गिरफ्तार कर लिया। आरोपित से सख्ती से पूछताछ करने पर उसने चोरी की वारदात को अंजाम देने की बात कबूली। इतना ही नहीं चोरी की घटना में अन्य तीन व्यक्तियों के शामिल होने की भी बात बतायी।

# भाजपा ने चिकित्सक की भावना को आहत किए जाने के विरोध में किया प्रदर्शन

**ऋषिकेश/टीम एक्शन इंडिया**
भारतीय जनता युवा मोर्चा ने अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान ऋषिकेश में डॉक्टरेट ऑफ मेडिसिन (डीएम) की परीक्षा देने आयी दिल्ली के चिकित्सक के माथे पर तिलक लगाने पर चिकित्सक से परीक्षा के दौरान उनकी भावनाओं को आहत कर मनोबल तोड़ने के विरोध में एम्स प्रशासन के विरुद्ध नारेबाजी करते हुए जबरदस्त प्रदर्शन किया।
मंगलवार को युवा मोर्चा के महामंत्री अभिनव पाल के नेतृत्व में किए गए प्रदर्शन के दौरान उन्होंने बताया कि पीड़ित चिकित्सक डॉक्टर शालिनी मिश्रा के अनुसार उन्होंने परीक्षक पर आरोप लगाते हुए कहा था कि



बीते 4 दिसंबर को उनके सत्र की अंतिम परीक्षा आयोजित की गई थी, जिसके तहत प्रयोगात्मक परीक्षा भी होनी थी। प्रयोगात्मक परीक्षा के लिए दो परीक्षक बाहर के केंद्र से आए थे।
डॉक्टर शालिनी ने बताया कि वह रोज तिलक लगाती हैं। इसी के चलते वह परीक्षा देने के दिन भी वह तिलक लगाकर आई थी, जिस पर प्रयोगात्मक परीक्षा लेने दिल्ली एम्स से आए परीक्षक डॉक्टर शिवलाल यादव ने उन पर टिप्पणी की और कहा कि क्या तुम तिलक लगाकर परीक्षा पास कर लोगी, यह तिलक तुम्हें फेल होने से नहीं बचा सकता। डॉक्टर शालिनी ने कहा कि परीक्षा शुरू होने से पहले ही मेरा मनोबल तोड़कर मेरी भावनाओं को आहत किया गया है।
अभिनव पाल का कहना था कि इस प्रकार की घटना से जहां ऋषिकेश एम्स में कार्यरत चिकित्सकों, कर्मचारी की भावनाओं को ठेस पहुंची है वहीं तीर्थ नगरी के नागरिकों में भी एम्स प्रशासन के विरुद्ध भारी रोष व्याप्त है।इस संबंध में एम्स प्रशासन के जल संपर्क अधिकारी संदीप नौटियाल ने कहा कि मामला प्रशासन के संज्ञान में आ गया है। उन्होंने कहा कि इस संबंध में एम्स प्रशासन को शिकायत मिली है। मामले की जांच की जा रही है। नियमानुसार जो भी कार्रवाई उचित होगी वह की जाएगी।
प्रदर्शन करने वालों में महामंत्री अभिनव पाल, रविंद्र बिरला पूर्व पार्षद नगर निगम, छात्र संघ अध्यक्ष अंकुश सिंह नरेंद्र नगर, कार्यकारिणी सदस्य समर्थ कुमार, आर्यन पाल, देवा जाटव, कृष्णा गोस्वामी, कृष्णा धीमान, आयुष सिंह, विवेक, अभिषेक सूद, अनुराग, सहित आर्यन, आकाश शर्मा सहित अन्य कार्यकर्ता भी मौजूद थे।

# भाषण में शगुन और चित्रकला पोस्टर प्रतियोगिता में राकेश नेगी ने बाजी मारी

**हरिद्वार/टीम एक्शन इंडिया**
भारतीय भाषा उत्सव पर आयोजित भाषण में शगुन शर्मा और चित्रकला पोस्टर प्रतियोगिता में राकेश नेगी ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। भारतीय भाषा उत्सव पर भारतीय संस्कृति के संरक्षण और संवर्द्धन में भाषा और लोक संस्कृति की भूमिका पर आधारित भाषण और चित्रकला पोस्टर प्रतियोगिता का पुरस्कार वितरण समारोह संस्कृत विभाग के महर्षि दयानंद सभागार में आयोजित किया गया। इस प्रतियोगिता में विश्वविद्यालय के छात्र-छात्राओं और शोध अध्येताओं ने बढ़ चढ़कर प्रतिभाग किया।
भाषण और चित्रकला पोस्टर प्रतियोगिता के निर्णायक मण्डल में डॉ. मनीला, डॉ. दीपा गुप्ता और डॉ. वरुण बख्शी ने ज्यूरी की भूमिका का निर्वहन किया विश्वविद्यालय के वित्ताधिकारी और इतिहास विभाग के प्रो. देवेन्द्र कुमार गुप्ता ने मुख्य निर्णायक के रूप में विजेता छात्र-छात्राओं के नाम की घोषणा की।भाषण प्रतियोगिता में द्वितीय स्थान उज्ज्वल शुक्ला और तृतीय स्थान हिमांशी तोमर ने प्राप्त किया। इस वर्ग में प्रोत्साहन पुरस्कार अभय बड़गोती एवं जसवन्त सिंह को प्रदान किए गए। चित्रकला-पोस्टर प्रतियोगिता में द्वितीय स्थान निशांत तिवारी और तृतीय स्थान अंजलि मौर्य ने प्राप्त किया इस वर्ग में प्रोत्साहन पुरस्कार दीया चौधरी एवं गुंजन शर्मा को प्रदान किए गए। इस अवसर भारतीय भाषा कला और संस्कृति प्रकोष्ठ के अध्यक्ष प्रो. ब्रह्मदेव ने सभी विजयी छात्र-छात्राओं को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि प्रतियोगिताएं हमें स्वस्थ प्रतिस्पर्धा और रचनात्मक अभिव्यक्ति से जोड़ती हैं। प्रो. ब्रह्मदेव ने आगामी वर्ष में व्यापक स्तर इस प्रकार की प्रतियोगिताएं आयोजित करने की घोषणा की।

# नगर निकायों के अंतर्गत संचालित कार्यों की डीएम ने ली समीक्षा बैठक



**गोपेश्वर/टीम एक्शन इंडिया**
जिलाधिकारी चमोली ने मंगलवार को वर्चुअल माध्यम से सभी अधिशासी अधिकारियों की बैठक लेते हुए प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी), पीएम स्वनिधि, ठोस अपशिष्ट प्रबंधन एवं डोर-टू-डोर कूडा सेग्रीगेशन कार्यों की प्रगति समीक्षा की।
जिलाधिकारी हिमांशु खुराना ने सभी अधिशासी अधिकारियों को निर्देशित किया कि पीएम आवास योजना (शहरी) के अंतर्गत निमार्णाधीन आवासों का कार्य तत्काल पूर्ण किया जाए। नए स्वीकृत आवासों के लिए जमीनी दस्तावेजों संबंधी औपचारिकताएं पूरी करते हुए शीघ्र निर्माण कार्य प्रारंभ कराया जाए। जो आवास ड्रॉप हो रहे है उनकी साक्ष्य के साथ औचित्यपूर्ण रिपोर्ट उपलब्ध करें।
पीएम स्वनिधि के तहत स्ट्रीट वेंडर्स को ऋण वितरण कार्यों की समीक्षा करते हुए जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि सभी निकाय ऋण वितरण के लिए निर्धारित लक्ष्य हासिल किया जाए। जिन लोगों को ऋण वितरण किया जाना बाकी है, उनका आवेदन लेकर शीघ्र ऋण वितरण करें।
इस दौरान जिलाधिकारी ने सभी नगर पालिका एवं नगर पंचायतों में ठोस अपशिष्ट प्रबंधन एवं डोर-टू-डोर कूडा सेग्रीगेशन पर विशेष फोकस रखने के निर्देश दिए।
गृहकर, पालिका दुकान का किराया समय पर जमा करने, एंटी लिटरिंग एक्ट और सार्वजनिक स्थानों पर कूड़ा फेंकने एवं गंदगी फैलाने वालों के खिलाफ चालान की कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।
उन्होंने कहा कि सार्वजनिक शौचालयों की मरम्मत, सुदृढ़ीकरण के साथ ही बिजली, पानी सहित नियमित सफाई की पूरी व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। नए सार्वजनिक शौचालय निर्माण के लिए प्रस्ताव उपलब्ध करें।
वीसी में बताया कि जिले में नगरीय क्षेत्रों में स्वीकृत 1445 पीएम आवास में से 1232 आवास पूर्ण हो गए है और 213 निमार्णाधीन है। पीएम आवास शहरी के तहत 320 नए आवास स्वीकृत हुए है। जिसमें से 283 में कार्य प्रारंभ कर दिया गया है।
पीएम स्वानिधि के अन्तर्गत प्रथम चरण में 380 स्ट्रीट वेंडर्स को ऋण वितरण का लक्ष्य के सापेक्ष 451 वेंडर्स को ऋण वितरण किया गया है। द्वितीय चरण में 167 लक्ष्य के सापेक्ष अभी तक 137 वेंडर्स को ऋण वितरण किया गया है।
सभी निकायों में कॉम्पेक्टर मशीन से तैयार प्लास्टिक विक्रय से 71.40 लाख की आय अर्जित हुई है। एंटी लिटरिंग एंड एंटी स्पिटिंग एक्ट के तहत गत माह में 675 चालान से 3.58 लाख की आय अर्जित की गई है। वीसी में अपर जिलाधिकारी डॉ.अभिषेक त्रिपाठी सहित वर्चुअल माध्यम से सभी नगर पालिका एवं नगर पंचायतों के अधिशासी अधिकारी उपस्थित थे।

# जिनको सौंपा रखवाली का जिम्मा, वही कर गये सोने के आभूषणों पर हाथ साफ



**गोपेश्वर/टीम एक्शन इंडिया**
चमोली जिले के जोशीमठ के उर्गम घाटी में चोरी की एक घटना सामने आयी है। जिसमें परिवार के लोगों ने अपने बगल पर रह रहे जिन नेपाली मूल के लोगों को घर की रखवाली करने को कहा था वही घर का ताला तोड़ कर छह लाख रुपये कीमत के आभूषणों पर हाथ साफ कर फरार हो गये थे। जोशीमठ पुलिस ने पकड़ कर उन्हें मंगलवार को न्यायालय में पेश किया जहां से उन्हें न्यायिक अभिरक्षा में पुरसाड़ी जेल भेज दिया गया है।
घटना क्रम के अनुसार बीते नौ दिसम्बर को उर्गम घाटी के देवग्राम निवासी संदीप सिंह ने जोशीमठ कोतवाली पुलिस ने तहरीर दी कि वह अपने परिवार के साथ राजस्थान किसी कार्य वश गये हुए थे। इस दौरान उन्होंने अपने बगल में निवास कर रहे नेपाली मूल के अजय यादव और उसके साले दिनेश नेपाली उर्फ आशीष नेपाली को घर की देखरेख के लिए कहा था। घर पहुंचने पर देखा तो अलमारी का ताला टूटा था और उसकी पत्नी के जेवर जिसमें सोने के जेवर एक गले का हार लगभग 30 ग्राम, एक नाक की नथ लगभग 25 ग्रा, एक मांगटिका लगभग छह ग्राम, दो अंगूठी लगभग सात ग्राम, एक मंगलसूत्र लगभग 18 ग्राम, एक झुमका लगभग 1.5 ग्राम, कुल लगभग 87.5 ग्राम वजनी सोने के जेवरात जिनकी कीमती लगभग छह लाख रुपये है अलमारी से गायब थे।
घटना पर थाना जोशीमठ में मामला पंजीकृत करते हुए पुलिस अधीक्षक चमोली रेखा यादव ने पुलिस अधीक्षक चमोली प्रमोद शाह की देखरेख में प्रभारी कोतवाली निरीक्षक राकेश भट्ट के नेतृत्व में पुलिस की एक टीम बनायी। पुलिस टीम पूछताछ और सुराख लगाकर आरोपित को सोमवार को रेलवे स्टेशन रोड़ ऋषिकेश से माल के साथ पकड़ लिया गया।

# गंगा किनारे से ही निकालना चाहिए पॉड टैक्सी मार्ग : संजीव

**हरिद्वार/टीम एक्शन इंडिया**
पॉड टैक्सी रूट को लेकर राष्ट्रीय व्यापार मण्डल की एक बैठक ज्वालापुर जिला कार्यालय पर आयोजित की गई। बैठक में हरिद्वार को पॉड टैक्सी देने पर मुख्यमंत्री का स्वागत और आभार जताया गया, लेकिन साथ ही पॉड के अधिकारियों पर मनमानी का आरोप लगाया गया।
पदाधिकारियों ने कहा कि कुछ चापलूस लोगों के साथ सांठगांठ कर पॉड टैक्सी रूट को कही-कही से बदलने और बाकी को पूरे शहर के बीच से निकालने की पॉड टैक्सी अधिकारियों की साजिश को किसी कीमत पर सफल नहीं होने दिया जाएगा।
प्रदेश अध्यक्ष संजीव चौधरी ने कहा कि मुख्यमंत्री हरिद्वार को विशेष प्रेम करते हैं और अनेक योजनाए यहां लाई जा रही है, परन्तु कुछ अधिकारी अपनी मनमानी से उन योजनाओं को चलाना चाहते हैं। चौधरी ने कहा कि पॉड टैक्सी हरिद्वार के लिए एक महत्वपूर्ण और बहुत अच्छी योजना है, जिसका हम सब स्वागत करते हैं, परन्तु योजना को टुकड़ों में अन्दर बाहर ले जाकर कोई बड़ी सांठगांठ पॉड के अधिकारी कर रहे हैं, जिसको सफल नहीं होने दिया जाएगा। यदि जरूरत पड़ी तो मुख्यमंत्री से मिलकर इनकी शिकायत की जाएगी। पॉड का एक ही रूट पूरे शहर के लिए होगा और वो होगा गंगा किनारे। पॉड के अधिकारी की गलत मनसा सफल नहीं होने दी जाएगी।
प्रदेश महामंत्री सुदीश श्रोत्रिय व जिला अध्यक्ष विनीत धीमान ने कहा कि पॉड का रूट एक ही होना चाहिए, जो समस्या हरिद्वार में है वो ही ज्वालापुर में है, तो रास्ता तो एक ही रहे।
बैठक में शहर कोषाध्यक्ष अर्पण ग्रोवर, कुलदीप खंडेलवाल, पुष्पेंद्र गुप्ता, अरविंद कुमार, संजीव कुमार, विजय धीमान, विपिन आदि उपस्थित रहे।

## बिजली चोरी करने पर पांच माह की कैद

**हरिद्वार/टीम एक्शन इंडिया**
जिला न्यायाधीश सिकंद कुमार त्यागी ने विद्युत चेकिंग के दौरान घरेलू उपयोग के लिए बिजली चोरी करते पकड़े गए आरोपित को दोषी पाते हुए पांच माह की कैद की सजा सुनाई है।
विद्युत विभाग के विशेष अभियोजक केपी शर्मा ने बताया कि चार सितंबर 2019 को विद्युत विभाग के अवर अभियंता कंवर सिंह अपने विभागीय अधिकारियों के साथ सिडकुल क्षेत्र के गांव ब्रह्मपुरी में विद्युत बिलों की वसूली का कार्य कर रहे थे। तभी निरीक्षण के दौरान विद्युत उपभोक्ता बालेंद्र पुत्र जयपाल निवासी ब्रह्मपुरी थाना सिडकुल को लाइन पर डायरेक्ट केबल डालकर घरेलू उपयोग के लिए बिजली चोरी करते पकड़ा था।

# श्रीदेव सुमन विवि में देवभूमि उद्यमिता केंद्र स्थापित: जोशी

**नई टिहरी/टीम एक्शन इंडिया**
राज्य सरकार की देवभूमि उद्यमिता योजना के तहत श्रीदेव सुमन उत्तराखंड विश्वविद्यालय में देवभूमि उद्यमिता केंद्र की स्थापना की गई है। यह उद्यमिता केंद्र राज्य के युवा उद्यमियों के लिए एक अद्वितीय मंच प्रदान साबित होगा। अपने विचारों को आगे बढ़ाने का एक सामर्थ्यपूर्ण स्त्रोत भी मिलेगा।
श्रीदेव सुमन उत्तराखंड विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो एनके जोशी ने पत्रकारों से बताया कि देवभूमि उद्यमिता केंद्र राज्य के युवा उद्यमियों के लिए एक नया ऊर्जा स्त्रोत है। यह केंद्र उन्हें उद्यमिता क्षमता को बढ़ाने और उनके विचारों को वास्तविकता में बदलने का मंच प्रदान करेगा।



देवभूमि उद्यमिता केंद्र में विभिन्न योजनाएं शुरू की हैं, जिनमें शिक्षा, प्रशिक्षण और आर्थिक समर्थन की सुविधाएं शामिल हैं। यह केंद्र छात्रों को विभिन्न व्यापारिक क्षेत्रों के लिए आवश्यक ज्ञान, सीख और समर्थन प्रदान करेगा। देवभूमि उद्यमिता केंद्र श्रीदेव सुमन उत्तराखंड विश्वविद्यालय में नए उद्यमियों को समर्थन और मार्गदर्शन प्रदान करने का एक और कदम है, जो राज्य के आर्थिक विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं।
इस योजना से विश्वविद्यालय के छात्र व नागरिक भी लाभान्वित होंगे।
प्रो. जोशी ने बताया कि श्रीदेव सुमन उत्तराखंड विश्वविद्यालय की नोडल अधिकारी प्रो अनिता तोमर ने बीते 5 से 10 दिसम्बर तक देवभूमि उद्यमिता योजना, स्वरोजगार एवम् उद्यमिता कौशल संवर्धन तथा स्वरोजगार को प्रोत्साहित करने के लिए ईडीआईआई अहमदाबाद में फैकल्टी मेंटरशिप कार्यक्रम के अंतर्गत प्रशिक्षण प्राप्त किया है। इस कार्यक्रम के माध्यम से प्रो तोमर ने उच्च शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्टता बढ़ाने के लिए नवीन दृष्टिकोण कौशल प्राप्त किए हैं। उन्होंने बताया कि देवभूमि उद्यमिता योजना का मुख्य उद्देश्य उत्तराखंड राज्य के युवा मनोबल को उद्यमिता की दिशा में बढ़ावा देना और युवा उद्यमियों को उच्च शिक्षा, प्रशिक्षण और आवश्यक संसाधनों के साथ समर्थन प्रदान करके उन्हें विभिन्न उद्यमिता क्षेत्रों के लिए प्रेरित करना है। यह कार्यक्रम स्थानीय समुदायों में विकास को बढ़ावा देगा और युवा पीढ़ी को उद्यमिता के नवीन अवसर प्रदान करेगा।

## न्यूज फ्लैश

### प्रेमी संग फरार हुई मां, बेइज्जती के डर से बेटी ने खासा जहर

**हरिद्वार/टीम एक्शन इंडिया**
एक महिला के अपने प्रेमी संग फरार होने के बाद बेइज्जती के डर से उसकी नाबालिग बेटी ने जहर खाकर मौत को गले लगा लिया। मामला जनपद के रुड़की का है।
मृतका बच्ची के पिता ने इस मामले में कोतवाली रुड़की पुलिस को तहरीर दी है। तहरीर में मृतका के पिता ने बेटी की मौत के लिए अपनी पत्नी और पत्नी के प्रेमी को जिम्मेदार ठहराया है। पुलिस ने मामले की छानबीन शुरू कर दी है।
कोतवाली रुड़की क्षेत्र निवासी एक व्यक्ति ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि उसकी पत्नी का किसी व्यक्ति से प्रेम प्रसंग चल रहा था। उसने पत्नी को कई बार समझाया, लेकिन वह नहीं मानी। वह घर छोड़कर अपने प्रेमी संग फरार हो गई। उसकी एक 14 साल की बेटी ने मां के प्रेमी के साथ चले जाने से दुखी होकर जहरीले पदार्थ का सेवन कर अपनी जान दे दी।
बेटी का अंतिम संस्कार उसने कर दिया है। व्यक्ति का आरोप है कि उसकी बेटी की मौत उसकी पत्नी और पत्नी के प्रेमी के कारण ही हुई है। उन्होंने उसे आत्महत्या के लिए उकसाया है। पीड़ित ने अपनी पत्नी और उसके प्रेमी के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। सिविल लाइंस कोतवाली प्रभारी आरके सकलानी ने बताया कि तहरीर के आधार पर जांच आरंभ कर दी गई है।

### न्यायालय परिसर में दुष्कर्म की पीड़िता ने खाया जहर, अस्पताल में भर्ती

**हरिद्वार/टीम एक्शन इंडिया**
न्यायालय परिसर में एक दुष्कर्म पीड़िता गर्भवती महिला ने जहरीला पदार्थ खाकर आत्महत्या का प्रयास किया। पीड़िता न्यायालय में तारीख पर आई थी। जहरीला पदार्थ खाने के बाद उसे सिविल अस्पताल रुड़की ले जाया गया, जहां उसका उपचार चल रहा है।भगवानपुर थाना क्षेत्र निवासी एक महिला ने भगवानपुर थाने में एक युवक पर दुष्कर्म का आरोप लगाते हुए मुकदमा दर्ज कराया था। पुलिस ने आरोपित तैय्यब को 9 नवंबर को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया चुका है। दुष्कर्म के बाद महिला गर्भवती हो गई। पीड़िता ने कोर्ट में गर्भपात के लिए प्रार्थना पत्र दिया था, जिसकी कोर्ट में तारीख चल रही थी। आज पीड़िता अपने परिवार के साथ कोर्ट पहुंची।

# मैक्स में बच्चों को ठूंसकर जान जोखिम में डालता मिला चालक, गिरफ्तार

**जोखिम**

8 मैक्स वाहन में 26 नन्हे स्कूली बच्चों को भेड़-बकरियों की तरह ठूंस-ठूंस कर भरा गया था।

**नैनीताल/टीम एक्शन इंडिया**
नैनीताल जिले के खैरना क्षेत्र में मासूम बच्चों की जान को जोखिम में डालने का बड़ा मामला प्रकाश में आया है। यहां एक मैक्स वाहन में 26 नन्हे स्कूली बच्चों को भेड़-बकरियों की तरह ठूंस-ठूंस कर भरा गया था। यही नहीं, मैक्स का चालक नशे में झूमता हुआ नजर आया, जो बच्चों की जान जोखिम में डालकर वाहन दौड़ा रहा था।



ऐसे में पुलिस ने तत्काल उसे हिरासत में ले लिया और आगे की कार्रवाई की गई।
खैरना के चौकी प्रभारी दिलीप कुमार ने बताया कि पुलिस की टीम चेकिंग अभियान चला रही थी। तभी एक मैक्स वाहन को रोककर जांच की गई तो लोहाली निवासी चालक अपनी मैक्स संख्या यूके04टीए-8473 में क्षमता से दोगुने, 26 स्कूली बच्चों को गरमपानी से लोहाली ले जाता मिला। इतना ही नहीं चालक नशे की हालात में मिला। इसके बाद सभी बच्चों को दूसरे वाहन से सुरक्षित उनके घर भेजा गया। इस मामले में वाहन में क्षमता से ज्यादा बच्चों को ले जाने और परमिट की शर्तों का उल्लंघन करने पर चालक व वाहन का मोटर यान अधिनियम की धारा 185/202/207 के तहत चालान किया गया। साथ ही लाइसेंस निरस्तीकरण की रिपोर्ट आरटीओ हल्द्वानी को भेज दी गयी है। संबंधित विद्यालय प्रशासन को भी बच्चों की जान से खिलवाड़ न करने की हिदायत दी गई है। इसके अलावा वाहन संख्या यूके01टीए-1219 का चालक भी शराब पीकर क्षमता से अधिक यात्रियों को ले जाता मिला। उसे भी गिरफ्तार किया गया है।

## बरेली का शमशाद 10 लाख की स्मैक के साथ पकड़ा

**नई टिहरी/टीम एक्शन इंडिया**
मुनि की रेती पुलिस और सीआईयू की संयुक्त टीम ने 10 लाख लागत की 70.72 ग्राम स्मैक के साथ आरोपित शमशाद पुत्र सब्बीर निवासी विधोलिया सीबी गंज बरेली को गिरफ्तार किया है। आरोपित के पास से एक इलेक्ट्रानिक तराजू व 16 सौ रुपए नगद भी बरामद किए गये हैं।
एसएसपी नवनीत सिंह भुल्लर ने बताया कि मुन की रेती पुलिस को नशे के विरुद्ध कार्रवाई के दौरान बड़ी कामयाबी हाथ लगी है। पुलिस ने स्मैक की एक बड़ी खेप के साथ शमशाद को गिरफ्तार किया है।

# गायत्री परिवार का गायत्री त्रिविध साधना में विश्व रिकार्ड इंडिया

**हरिद्वार/टीम एक्शन इंडिया**
अखिल विश्व गायत्री परिवार अपने रचनात्मक एवं सुधारात्मक कार्यक्रमों के लिए संपूर्ण विश्व में एक अलग पहचान रखता है।
इसी क्रम में एक और उपलब्धि गायत्री परिवार के साथ जुड़ गया। यह है अखिल विश्व गायत्री परिवार का गायत्री की त्रिविध साधना (गायत्री मंत्र लेखन, ब्रेल लिपि साइन लेग्वेंज और युगऋषि पं. श्रीराम शर्मा की आवाज में गायत्री मंत्र साधना) में विश्व रिकार्ड इंडिया बनना। विश्व विकलांग सप्ताह के अंतर्गत चलाये गये अभियान में गुजरात प्रांत के 32 अलग-अलग स्कूलों में अध्ययनरत 3315 दिव्यांग बच्चों ने प्रातः 11.30 से 12 बजे के बीच एक समय में गायत्री की त्रिविध साधना किया है।
सूरत, अहमदाबाद, भावनगर, नवसारी, बलसाड, सुरेन्द्रनगर, बड़ोदरा, मोडासा, अमरेली, गोधरा, पाटन आदि स्थानों में अध्ययनरत दिव्यांग बच्चों ने गायत्री मंत्र लेखन किया है।
विश्व रिकार्ड इंडिया बनाने वाली संस्था के प्रतिनिधियों के बीच 3315 दिव्यांग बच्चों ने अपने हाथों तथा पैरों से गायत्री मंत्र का लेखन किया। सुरदास (दृष्टिबाधित) से लेकर अपाहिज बच्चों ने पूरी तन्मयता के साथ इस अभियान में भाग लिया। यह अभियान गायत्री तीर्थ शांतिकुंज के तत्वावधान में चलने वाली भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा कार्यक्रम के अंतर्गत चलाया गया।
इस उपलब्धि पर अखिल विश्व गायत्री परिवार प्रमुखद्वय डॉ. प्रणव पण्ड्या एवं शैलदीदी ने इस अभियान में जुटे सभी कर्मठ परिजनों को अपनी शुभकामनाएं दी है। उन्होंने कहा कि गायत्री के सिद्ध साधक पं. श्रीराम शर्मा आचार्य ने गायत्री मंत्र को समाज के प्रत्येक वर्ग को अपनाने के लिए प्रेरित किया है। गायत्री मंत्र बुद्धि को अच्छे मार्ग की ओर प्रेरित करना वाला महामंत्र है। सभी वेदों में गायत्री महामंत्र की महिमा का गान है।
गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेन्द्र पटेल ने भी अखिल विश्व गायत्री परिवार को इस उपलब्धि के लिए बधाई दी। अपने संदेश में मुख्यमंत्री ने कहा कि यह अभियान दिव्यांग बच्चों के लिए एक सुनहरा अवसर है। इस अभियान में गुजरात की हेमांगिनी बेन देसाई, शांतिकुंज के कीर्तन दुष्यंत भाई देसाई आदि की सराहनीय भूमिका रही।

## कॉलेज की जमीनों पर हुए कब्जे के विरोध में छात्र संघ ने एसडीएम कार्यालय पर प्रदर्शन कर दिया ज्ञापन



**ऋषिकेश/टीम एक्शन इंडिया**
छात्रसंघ अध्यक्ष के नेतृत्व में कॉलेज के छात्र-छात्राओं ने उपजिलाधिकारी को ऋषिकेश कॉलेज की जमीनों पर हुए कब्जे को लेकर ज्ञापन दिया व उक्त जमीनों पर कार्रवाई करने की मांग की।
प्रदर्शन के दौरान छात्रसंघ अध्यक्ष हिमांशु जाटव ने बताया कि पिछले कई वर्षों से कोयलघाटी स्थित व आम्बेडकर चौक स्थित कॉलेज की जमीनों पर असामाजिक तत्वों ने अवैध कब्जा कर रखा हैं, जिसमें विश्वविद्यालय व छात्रसंघ द्वारा कई बार ज्ञापन के माध्यम से अवगत कराया गया है। लेकिन अभी तक उक्त भूमियों पर कोई भी कार्यवाही नही की गई।
छात्रसंघ की यह मांग है कि जल्द से जल्द भूमि को कॉलेज परिसर की अधीन कर दी जाए ताकि उस पर निर्माण कार्य प्रारंभ किया जाए।
हिमांशु ने बताया कि उक्त भूमियों पर कॉलेज के कई सारे कार्य होने हैं लेकिन कब्जा होने की वजह से किसी भी तरह का निर्माण कार्य नही हो रहा है अगर जल्द से जल्द उक्त भूमियों पर कार्यवाही नही की गई तो समस्त छात्र छात्राएं उग्र आंदोलन के बाध्य होंगें, जिसकी सम्पूर्ण जिम्मेदारी शासन व प्रशासन की होंगी।।
मौके पर पूर्व छात्रसंघ महासचिव अमन पांडेय, पूर्व यूआर अभय वर्मा, मानसी सती, सलोनी बिष्ट, निभी बिष्ट, हिमानी असवाल, मुस्कान शर्मा, इशिका बसियाल, सलोनी गुसाईं, रवि बिष्ट, हिमांशु कश्यप, कार्तिक कुशवाहा, ईशु चौहान, आशीष कुमार, अंकित मंडल, उत्कर्ष, लकी रावत आदि लोग उपस्थित रहें।

# उर्गम घाटी के ग्रामीणों ने सात सूत्री मांगों को लेकर किया धरना-प्रदर्शन

**गोपेश्वर/टीम एक्शन इंडिया**
चमोली जिले के जोशीमठ विकास खंड के उर्गम घाटी के ग्रामीणों ने मंगलवार को कल्प क्षेत्र विकास आंदोलन के बैनर तले क्षेत्र की सात सूत्री मांगों को लेकर चमोली जिला मुख्यालय गोपेश्वर की सड़कों पर जुलूस निकाल कर प्रदर्शन किया। साथ जिलाधिकारी कार्यालय परिसर के सम्मुख सांकेतिक धरना देते हुए एक ज्ञापन भी सौंपा। प्रदर्शन के माध्यम से चेतावनी भी दी गई कि यदि शीघ्र ही उनकी मांगों का निराकरण नहीं किया जाता है तो ग्रामीणों को आंदोलन के लिए बाध्य होना पड़ेगा।
कल्प क्षेत्र विकास आंदोलन का नेतृत्व कर रहे जनदेश के सचिव लक्ष्मण सिंह नेगी ने कहा कि एक लंबे समय से ग्रामीण अपनी मांगों को लेकर आंदोलन करते आ रहे है, लेकिन हर बार उन्हें आश्वासन



देकर चुप करा दिया जाता है। उन्होंने कहा कि हमारा दुर्भाग्य है कि आजादी के 75 साल बाद भी हम सड़क, शिक्षा, स्वास्थ्य जैसे मुद्दों के लिए लड़ाई लड़ रहे है, लेकिन उनकी कहीं कोई सुनवाई नहीं हो रही है। उन्होंने कहा कि उर्गम घाटी को जोड़ने वाला मोटर मार्ग हेलंग-उर्गम मोटर मार्ग की हालत इतनी खास्ता हाल है कि उस पर चलना जान जोखिम में डालने से कम नहीं है। कई बार इसकी शिकायत कर दी गई है लेकिन प्रशासन भी कुछ नहीं कर पा रहा है कई बार जिले के आलाधिकारी मौके पर चले गये है और हर बार उन्हें दिलासा देकर लौट जाते है। लेकिन कोई सकारात्मक हल नहीं निकाला जा रहा है।
प्रधान संगठन के ब्लॉक अध्यक्ष अनूप नेगी का कहना था कि डबल इंजन की सरकार के नाम पर हमसे वोट तो मांग लिये जा रहे हैं, लेकिन काम कुछ नहीं हो पा रहे हैं। जनता को फ्री की राशन में उलझा कर रखा जा रहा है और विकास कार्य ठप पड़े हैं। उन्होंने कहा कि उनकी सात सूत्री मांग है।इस मौके पर प्रमुख हरीश परमार, प्रधान मंजू देवी, शंकर सिंह, हर्षवर्धन सिंह, कुसुम देवी, हेमलता देवी, राजेंद्र सिंह आदि मौजूद थे।

## संपादकीय

# दक्षिण भारत में क्यों नहीं खिल पर रहा है कमल ?

**आज** देश में भाजपा का परचम लहरा रहा है। उत्तर प्रदेश से लेकर मध्य प्रदेश और महाराष्ट्र तक भाजपा की सरकार है। पूर्वोत्तर में भी कमल खिल चुका है। उत्तर भारत के जिन राज्यों में अभी वह सत्ता में नहीं है, वहां प्रमुख विपक्षी दल है। पश्चिम बंगाल में भी ऐसा ही है। लेकिन अभी भी भाजपा का विजय रथ दक्षिण में जाकर बार-बार रुक जा रहा है। यही वजह है कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में भाजपा इस बार दक्षिण विजय के लिए सारे समीकरण साध रही है। दक्षिण भारत के 6 राज्यों कर्नाटक, तेलंगाना, आंध्र प्रदेश, तमिलनाडु, केरल और पुडुचेरी में इस समय भाजपा की अपने बूते कोई सरकार नहीं है। पुडुचेरी में भी भाजपा गठबंधन के साथ सत्ता में है। गौरतलब है कि दक्षिण भारत के इन राज्यों में 130 लोकसभा सीटें हैं, जिसमें से अभी केवल 29 सीटें भाजपा के पास हैं। इसमें 25 अकेले कर्नाटक से ही हैं। जबकि 2019 में चार सीट तेलंगाना में जीती थी। इससे समझा जा सकता है कि बाकी के राज्यों में भाजपा की स्थिति कैसी है। दक्षिण को प्रमुखता से लेने की एक वजह और भी है। उत्तर भारत के प्रमुख राज्यों में पिछले दो लोकसभा चुनावों में भाजपा को बंपर सीटें मिली हैं। ऐसे में भाजपा इस बात का ध्यान रख रही है कि अगर यहां पर सीटें कम हों तो इसकी भरपाई दक्षिण से की जा सके। भाजपा के दक्षिण प्लान का टेस्ट कर्नाटक विधानसभा चुनाव में भी लगभग फेल हो गया । भाजपा के लिए दक्षिण के अपने इकलौते दुर्ग को बचाए रखने की चुनौती थी तो साथ ही यहां के नतीजों का असर दूसरे राज्यों पर भी पड़ना था , जहां इस साल चुनाव होने हैं। तेलंगाना विधानसभा चुनाव में भाजपा इस बार बड़ी उम्मीद लगाए हुए थी पर उसे विधानसभा की 8 सीटों से ही संतोष करना पड़ा । उल्लेखनीय यह है कि उसका वोट प्रतिशत पहले से डबल हो गया । यह प्रदर्शन 2024 लोकसभा चुनावों के लिए तेलंगाना में उसकी संभावनाओं को और बल दे सकता है। दक्षिण में जमीन मजबूत करने में जुटी भाजपा के लिए मुश्किल है कि आंध्र प्रदेश, तमिलनाडु और केरल जैसे राज्यों में भाजपा का आधार बहुत कमजोर है। तमिलनाडु, आंध्र प्रदेश व केरल में भाजपा के पास एक भी लोकसभा सीट नहीं है। वहीं, आंध्र प्रदेश और केरल में तो पार्टी का एक विधायक भी नहीं है। 2019 के लोकसभा चुनाव में आंध्र प्रदेश में भाजपा को महज 1 फीसदी वोट मिले थे। आंध्र प्रदेश की तरह ही भाजपा के सामने तमिलनाडु में भी चुनौती बड़ी है। भाजपा की छवि हिंदूवादी पार्टी की है और तमिलनाडु द्रविड़ आंदोलन की जमीन रही है। इसके साथ ही भाजपा के लिए हिंदी पार्टी का टैग ज्यादा मुश्किल पैदा करता है। भाजपा की आहट को देखते हुए हाल के दिनों में डीएमके ने हिंदी के मुद्दे को एक बार फिर से हवा देना शुरू कर दिया है।तमिलनाडु में हिंदी पार्टी और द्रविड़ आंदोलन के मुकाबले मंदिरों के आस-पास राजनीति को लाने की कोशिश कर रही है। मंदिरों पर किसका कब्जा हो इसे लेकर भाजपा सवाल उठा रही है। भाजपा के साथ समान विचारधारा वाले वीएचपी जैसे संगठन इसमें आगे हैं। भाजपा के साथ एक और प्लस फैक्टर है कि वह एआईएडीएमके के साथ अच्छे रिश्ते में है और गठबंधन में उतरकर पार्टी आधार बढ़ा सकती है। 2016 के विधानसभा चुनाव में भाजपा ने क्षेत्रीय दल 'आइजेके' के साथ मिल कर सभी 234 सीटों पर चुनाव लड़ा था।

# आत्म चिंतन करें मायावती

**रमेश सर्राफ धमोरा**

> “उत्तर प्रदेश की स्थिति देखें जहां से बसपा का जन्म हुआ था। वहां 2022 के विधानसभा चुनाव में पार्टी महज एक सीट ही जीत सकी थी। वहां बसपा को सिर्फ 12.88 प्रतिशत मत मिले थे। वहीं 2017 के विधानसभा चुनाव में 19 सीट व 22.31 प्रतिशत वोट मिले थे। 2012 की विधानसभा चुनाव में बसपा को उत्तर प्रदेश में 80 सीटों के साथ 25.91 प्रतिशत वोट मिले थे। वहीं 2007 के विधानसभा चुनाव में बसपा ने 30.43 प्रतिशत वोटो के साथ 206 सीट जीतकर अपने दम पर सरकार बनाई थी। 2002 के चुनाव में बसपा को 98 सीट व 23.6 प्रतिशत वोट मिले थे। 1996 के चुनाव में 67 सीट व 19.64 प्रतिशत वोट मिले थे। 1993 के चुनाव में 67 सीट व 11.12 प्रतिशत वोट, 1991 के चुनाव में 12 सीट व 9.44 प्रतिशत वोट मिले थे। 1989 के चुनाव में पहली बार बसपा ने उत्तर प्रदेश में चुनाव लड़कर 13 सीट तथा 9.41 प्रतिशत वोट पाए थे ”

**हाल** ही में संपन्न हुए राजस्थान, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, तेलंगाना व मिजोरम विधानसभा के चुनाव में बहुजन समाज पार्टी (बसपा) का ग्राफ तेजी से गिरा है। राजस्थान, मध्य प्रदेश व छत्तीसगढ़ जैसे हिंदी पट्टी वाले प्रदेशों में बहुजन समाज पार्टी एक तीसरे विकल्प के रूप में अपनी ताकत का एहसास कराती आई थी। मगर इस बार के विधानसभा चुनाव में बसपा का पूरी तरह सूपड़ा ही साफ हो गया है। पिछले विधानसभा चुनाव में राजस्थान में बसपा को 4 प्रतिशत वोट व 6 सीटों पर जीत मिली थी। मगर इस बार यहां बसपा 1.82 प्रतिशत वोटों के साथ मात्र दो सीटों पर ही सिमट गई है। राजस्थान विधानसभा चुनाव में बसपा को मात्र 721037 वोट मिले हैं। मध्य प्रदेश में पिछली बार बसपा को दो सीट व 5.01 प्रतिशत वोट मिले थे। जबकि इस बार के चुनाव में वहां बसपा को 3.40 प्रतिशत यानी 14,77,202 वोट तो मिल गए मगर सीट एक भी नहीं मिली।

इसी तरह छत्तीसगढ़ विधानसभा चुनाव में पिछली बार बसपा को दो सीटों के साथ 552313 यानी 3.9 प्रतिशत वोट मिले थे। मगर इस चुनाव में वहां बसपा को सीट तो एक भी नहीं मिली उसके साथ ही वोटों में भी गिरावट दर्ज हुई है। वहां बसपा को 319903 यानी 2.05 प्रतिशत वोट ही मिले हैं। तेलंगाना के विधानसभा चुनाव में बसपा का खाता भी नहीं खुला। वहां पार्टी को 321074 यानी 1.37 प्रतिशत वोट मिले हैं।

मिजोरम में तो वैसे ही बसपा का कोई नाम लेवा नहीं है। 2022 में हिमाचल प्रदेश के विधानसभा चुनाव में बसपा 53 सीटों पर चुनाव लड़ी मगर एक भी प्रत्याशी नहीं जीत पाया था। वहां पार्टी को 14613 यानी 0.35 प्रतिशत मत मिले थे। पिछले गुजरात विधानसभा के पिछले चुनाव में वहां बसपा ने 101 सीटों पर चुनाव लड़ा था। जिसमें 100 सीटों पर पार्टी प्रत्याशियों के जमानत जप्त हो गई थी। वहां पार्टी को मात्र 158123 यानी 0.5 प्रतिशत मत मिले थे। उतराखंड में बसपा के दो व पंजाब में एक विधाक है।

उत्तर प्रदेश की स्थिति देखें जहां से बसपा का जन्म हुआ था। वहां 2022 के विधानसभा चुनाव में पार्टी महज एक सीट ही जीत सकी थी। वहां बसपा को सिर्फ 12.88 प्रतिशत मत मिले थे। वहीं 2017 के विधानसभा चुनाव में 19 सीट व 22.31 प्रतिशत वोट मिले थे। 2012 की विधानसभा चुनाव में बसपा को उत्तर प्रदेश में 80 सीटों के साथ 25.91 प्रतिशत वोट मिले थे। वहीं 2007 के विधानसभा चुनाव में बसपा ने 30.43 प्रतिशत वोटो के साथ 206 सीट जीतकर अपने दम पर सरकार बनाई थी। 2002 के चुनाव में बसपा को 98 सीट व 23.6 प्रतिशत वोट मिले थे। 1996 के चुनाव में 67 सीट व 19.64 प्रतिशत वोट मिले थे। 1993 के चुनाव में 67 सीट व 11.12 प्रतिशत वोट, 1991 के चुनाव में 12 सीट व 9.44 प्रतिशत वोट मिले थे। 1989 के चुनाव में पहली बार बसपा ने उत्तर प्रदेश में चुनाव लड़कर 13 सीट तथा 9.41 प्रतिशत वोट पाए थे।



उपरोक्त आंकड़ों का विश्लेषण करें तो पता चलता है कि बहुजन समाज पार्टी का जनाधार लगातार कमजोर पड़ता जा रहा है। लोकसभा चुनाव के आंकड़ों को देख तो 2019 के चुनाव में बसपा को उत्तर प्रदेश में 10 सीटें व 3.67 प्रतिशत वोट मिले थे। 2014 के लोकसभा चुनाव में बसपा का खाता भी नहीं खुला था। हालांकि पार्टी को 4.19 प्रतिशत वोट मिले थे। 2009 के लोकसभा चुनाव में बसपा ने उत्तर प्रदेश में 20 व मध्य प्रदेश में एक कुल 21 सीट व 6.56 प्रतिशत वोट पाए थे। 2004 के लोकसभा चुनाव में बसपा ने उत्तर प्रदेश से 19 सीट जीतकर 5.33 प्रतिशत वोट प्राप्त किए थे।

1999 के लोकसभा चुनाव में बसपा ने उत्तर प्रदेश से 14 सीट जीती थी तथा 4.16 प्रतिशत वोट प्राप्त किए थे। 1998 के लोकसभा चुनाव में बसपा ने उत्तर प्रदेश में चार व हरियाणा में एक कुल पांच सीट जीती थी तथा 4.67 प्रतिशत वोट पाए थे। 1996 के लोकसभा चुनाव में बसपा ने उत्तर प्रदेश से 6 पंजाब से तीन व मध्य प्रदेश से दो यानि कुल 11 सीट जीती थी तथा 4.02 प्रतिशत मत प्राप्त किए थे। 1991 के लोकसभा चुनाव में बसपा ने मध्य प्रदेश में एक पंजाब में एक व उत्तर प्रदेश में एक कुल तीन सीट जीती थी वहीं 1.61 प्रतिशत मत प्राप्त किए थे। 1989 के लोकसभा चुनाव में बसपा ने पहली बार लोकसभा का चुनाव लड़ा था और पार्टी ने उत्तर प्रदेश में तीन व पंजाब में एक कुल चार सीटे जीत कर 2.07 प्रतिशत वोट पाये थे।

पिछले लोकसभा चुनाव में बसपा ने उत्तर प्रदेश में समाजवादी पार्टी से समझौता होने के चलते 10 सीटों पर जीत जरूर हासिल कर ली थी। मगर उसके बाद बसपा सुप्रीमो मायावती ने समाजवादी पार्टी से अपना चुनावी गठबंधन समाप्त कर दिया था और एकला चलों की नीति पर ही 2022 में उत्तर प्रदेश विधानसभा का चुनाव लड़ा था। जिसमें पार्टी का प्रदर्शन सबसे कमजोर रहा था। 2022 के विधानसभा चुनाव में उत्तर प्रदेश जैसे राज्य में जहां से बसपा एक ताकत बनकर उभरी थी और चार बार सरकार बना चुकी है। वहां मात्र एक सीट पर सिमट जाना पार्टी के नेताओं के लिए बड़े शर्म की बात है।

काशीराम के जमाने में बसपा का पंजाब, हरियाणा, उत्तर प्रदेश, राजस्थान, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़ जैसे कई प्रदेशों में बड़ा प्रभाव रहता था। लेकिन अब धीरे-धीरे बसपा सिमटने लगी है। बसपा से जीते हुए बहुत से सांसद, विधायक दल बदल कर दूसरे दलों में शामिल हो जाते हैं। जिससे बसपा दिनोदिन कमजोर होने लगी है। राजस्थान विधानसभा के 2008 व 2018 के चुनाव में बसपा से 6-6 विधायक चुनाव जीते थे। मगर दोनों ही बार सभी विधायकों ने कांग्रेस में विलय कर गहलोत सरकार में मंत्री व अन्य लाभकारी पदों पर बैठ गए थे।

कभी बसपा में कैडर पार्टी का मुख्य आधार होता था। मगर आज पार्टी में कैडर नाम मात्र का भी नहीं बचा है। पार्टी के अधिकांश बड़े पदों पर पुराने नेताओं के स्थान पर दलबदलुओं का कब्जा हो गया है। बहुजन समाज पार्टी की सुप्रीमो मायावती का अकेले चलो की सोच ने पार्टी को रसातल में पहुंचा दिया है। मायावती ना तो केन्द्र में सत्तारूढ़ भाजपा के साथ जाना चाहती है और ना ही इंडिया गठबंधन में शामिल होना चाहती है। ऐसे में एकला चलो की नीति बसपा के लिए आत्मघाती साबित हो रही है।

बसपा सुप्रीमो मायावतीने अपने भतीजे आकाश आनंद को विधिवत अपना राजनीतिक उत्तराधिकारी घोषित कर दिया है ताकि पार्टी को एक युवा नेता मिल सके। अब आगे उत्तर प्रदेश व उत्तराखंड कि राजनीति स्वयं मायावती देखेगी बाकी के प्रदेशों में संगठन का काम आकाश आनंद संभालेंगे। यदि मायावती को अपनी पार्टी का राजनीतिक अस्तित्व बचाना है तो उन्हें भाजपा नीत एनडीए या कांग्रेस नीत इंडिया गठबंधन में से किसी एक का साथ भी लेना होगा। बिना किसी गठबंधन में शामिल हुए बसपा का जनाधार बचना मुश्किल लग रहा है।

केंद्र सरकार के विरोधी इंडिया गठबंधन में शामिल अधिकांश दलों के नेता भी चाहते हैं कि मायावती उनके गठबंधन में शामिल होकर भाजपा के खिलाफ विपक्ष की एकता को मजबूत करें। अब इस बात का फैसला तो खुद मायावती को ही करना है कि वह किसी गठबंधन में शामिल होगी या फिर अपना एकला चलो का राग ही अलापति रहेगी।

## कविता

दरख्तो से पुराने घरोंदे वो उठाने लगे
सूखे सरोवर परिंदे छोड़कर जाने लगे है'
नहि अंदेशा है उन्हें अपनी उडान की दूरी का,
कंधे पर रख जीन्दगी का कर्ज.चुकाने लगें हैं'
दरख्तों के ठुठ होने का अफसोस नही है,
नन्हे चूजों के नये घोसले बनाने चले है'

कितने दरख़्त,सरोवर सूख गए संजीव
हौसलों से परिंदे नई ऊंचाई नापने चले है।
चूजे भी पुराने दरख्तों के छोटे तिनके,उठाकर,
आदम को दुनिया का आकाश दिखाने चले है।
भूल जाओ पुराने लम्हों ,पलों ,को चलो साथ साथ,
अब परिन्दें भी दुनिया को नई रौशनी दिखाने चले हैं।

संजीव ठाकुर

## गरीब देशों में बढ़ रही है बुजुर्गों की संख्या

**विजय गर्ग**

**विश्व** स्वास्थ्य संगठन (डब्लूएचओ) और संयुक्त राष्ट्र की टीम ने संयुक्त राष्ट्र की 'डिकेड आफ हेल्दी एजिंग 2021- 2030' रपट जारी की है। रपट में 136 देशों पर किए गए सर्वेक्षण का परिणाम भी शामिल है, जो बताता है कि 83 फीसद देशों में उम्र के आधार पर भेदभाव को लेकर राष्ट्रीय कानून बन चुके हैं, जबकि 2020 में 60 फीसद देशों में ऐसा कानून था। रपट में कहा गया है कि कोविड- 19 महामारी के कारण 80 फीसद से अधिक मौतें उन लोगों की हुई जिनकी उम्र 60 वर्ष से अधिक थी। इस प्रगति के बावजूद अभी आगे के प्रयासों की और जरूरत है। रपट में कहा गया है कि बुजुर्गों को बेहतर जीवन देने के लिए उम्र और बुढ़ापे के बारे में लोगों के सोचने, महसूस करने और कार्य करने के तरीके को बदलना होगा। यह सुनिश्चित करना होगा कि समुदाय वृद्ध लोगों की क्षमताओं को बढ़ावा दें, वृद्ध लोगों के प्रति उत्तरदायी बने । प्राथमिक स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान की जाए और जरूरतमंद वृद्ध लोगों को लंबी अवधि तक देखभाल तक पहुंच प्रदान की जाए। एक क्षेत्र जहां अधिक सुधार की आवश्यकता है, वह है उम्र बढ़ने और स्वास्थ्य पर एक राष्ट्रीय बहु-हितधारक मंच या समिति बनाई जाए। इस क्षेत्र में 67 से 74 फीसद तक केवल सात फीसद की वृद्धि देखी गई है। चिंता की बात यह है कि स्वस्थ तरीके से उम्र बढ़ने का समर्थन करने के लिए नीतियों, कानून, कार्यक्रमों और सेवाओं वाले देशों का अनुपात निम्न और मध्यम आय वाले देशों में कम है। फिर भी दुनिया भर में 2050 तक 80 फीसद वृद्ध लोग इन्हीं देशों में रहेंगे। यह सुनिश्चित करने में भी चुनौतियां बनी हुई हैं कि वृद्ध लोग दशक की कार्रवाई के केंद्र में हों, स्वस्थ तरीके से उम्र बढ़ने वाले देशों के मंच में, तीन में से एक में वृद्ध लोग शामिल नहीं हैं। रपट में कहा गया है कि, महिलाओं के स्वास्थ्य और कल्याण को लेकर दुनिया भर में आठ लाख से अधिक प्रतिक्रियाएं एकत्र की गई हैं, जिनमें से 15 फीसद 55 से अधिक उम्र की महिलाओं से हैं और आठ फीसद 65 से अधिक उम्र की महिलाओं के हैं। इन देशों में बुर्किना फासो, कंबोडिया, मिस्र, इथियोपिया, घाना, भारत, केन्या, मैक्सिको, नाइजीरिया, पाकिस्तान, फिलीपींस, सेनेगल सर्बिया और दक्षिण अफ्रीका शामिल हैं। रपट के हवाले से, डब्लूएचओ के महानिदेशक डाक्टर टेड्रोस एडनोम घेबियस ने कहा कि, हमें और अधिक राजनीतिक प्रतिबद्धता की आवश्यकता है, खासकर निम्न और मध्यम आय वाले देशों में स्वस्थ तरीके से उम्र बढ़ने में सहायता के लिए हमें अधिक निवेश की आवश्यकता है। हमें अधिक, बेहतर प्रशिक्षित और समर्थित स्वास्थ्य और देखभाल कार्यकताओं की जरूरत है। हमें उन निर्णयों में वृद्ध लोगों की अधिक सार्थक भागीदारी की आवश्यकता है जो उनके लिए मायने रखते हैं। उन्होंने कहा कि डब्लूएचओ आंकड़ों के संग्रह और विश्लेषण, निगरानी और मूल्यांकन में राष्ट्रीय क्षमताओं का निर्माण करने, एकीकृत और लंबे समय तक देखभाल करने के लिए स्वास्थ्य और देखभाल कार्यकताओं को प्रशिक्षण देने, उम्र के अनुकूल शहरों और समुदायों का निर्माण करने और उम्रवाद का मुकाबला करने के लिए भागीदारों के साथ काम करना जारी रखेगा। उन्होंने बताया कि अगली प्रगति रपट 2026 में जारी की जाएगी तथा अंतिम प्रभाव रपट 2029 में जारी की जाएगी।

## विचार

## शादियों में दिखावे के लिए देश में कोई महंगी अलग जगह चुनने से लेकर विदेश जाकर शादियां करने जैसे मामले सामने आते रहते हैं

**विजय गर्ग**

आमतौर पर ज्यादातर लोगों के आसपास कोई ऐसा मध्यवर्गीय परिवार जरूर होगा, जो अपनी बेटी की शादी के लिए बैंक से उठाए कर्ज या फिर किसी अन्य मद में लिए गए ऋण को किस्तों में चुका रहा होगा। किसी बैंक से कर्ज लेकर चुकाने की कहानी किसी एक परिवार की नहीं, बल्कि ऐसे बहुत सारे परिवारों की है, जो कई बार अपने बच्चों की जिद के आगे रिश्तेदारों और समाज के आगे रुतबा बनाने के लिए या लड़के वालों की मांग के अनुसार अपनी चादर से ज्यादा शादी में खर्च कर देते हैं।

इसका खमियाजा कई वर्षों तक उन परिवार को भुगतना पड़ता है। बेशक शादी करने का तरीका सभी का अपना निजी निर्णय होता है, लेकिन दुर्भाग्यवश इन दिनों की शादियां भावनात्मक कम, दिखावटी ज्यादा लगने लगी हैं। इस संदर्भ में किसी धारावाहिक फिल्म का एक संवाद है- 'इंडिया में शादी, शादी नहीं, त्योहार है।' इस त्योहार को मनाने में भारतीय कोई कसर नहीं छोड़ रहे। यही कारण है कि आज यह देश का चौथा सबसे बड़ा 'उद्योग' बन गया है। जबकि पिछली सदी के नब्बे के दशक से पहले शादियों में निभाए जाने वाले रीति-रिवाजों को सबसे अधिक तवज्जो दी जाती थी। उबटन से लेकर सात फेरों तक की सभी प्रक्रिया में स्पष्ट विधि, चलन और तौर-तरीकों को उपयुक्त समय दिया जाता था। लेकिन आज वह समय कुछ कम कर फोटोग्राफी, सोशल मीडिया पर प्रचार और अन्य सौंदर्य प्रधान कार्यों को दिया जा रहा है। कई बार ऐसा लगता है कि यह सब हो भी क्यों नहीं! शादी में सबसे अधिक खर्चा शादी करने वाले स्थान, खानपान, फोटोग्राफी, आभूषण व अन्य प्रदर्शनपूर्ण कामों में हो रहा है तो उस खर्चे की प्रदर्शनी बहुत जरूरी है। एक आंकड़े के मुताबिक, इस प्रकार की बड़े बजट की शादियों से हर साल साठ हजार करोड़ आभूषण का कारोबार और पांच हजार करोड़ होटल उद्योग का कारोबार होने के साथ-साथ पौने चार लाख करोड़ का शादी उद्योग हो चुका है, जो सालाना पच्चीस से तीस फीसद विकास के साथ तेजी से आगे बढ़ रहा है। बेशक इससे लाखों लोगों को प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रोजगार मिल रहा हो, लेकिन फिर वही बात कि शादी में सिर्फ शादी हो, उसे व्यापार नहीं लगना चाहिए। जब इन्हीं शादियों के शुरूआती चरणों में परिवारों के विचार- विमर्श की मेज पर सुनते हैं कि आप कितना खर्च करेंगे, शादी का स्थान कहां होगा, कितने स्टाल लगेंगे और क्या-क्या तोहफे एक दूसरे को दिए जाएंगे? इन सब मुद्दों पर दोनों परिवारों के एकमत होने पर निर्धारित किया जाता है कि शादी सफल होगी या नहीं। इस बात का कितना औचित्य है ? शायद दोनों परिवारों की हैसियत तो मिल जाए, लेकिन शादी के लिए जरूरी मूल्य और विचारों पर तो कोई बात ही नहीं करता। ऐसा मान लिया जाता है कि वह तो लड़की को पता ही होगा, लेकिन यह समझना होगा कि लड़की भी संपन्न परिवार से आई हो सकती है, जिसे लड़के वालों ने संपन्नता के कारण अपनाया है। ऐसे मामले में शादी धन देखकर की जाती है, न कि परिवार की अहमियत या कद देखकर। दुर्भाग्यवश दहेज के मामले भी इन्हीं संपन्न परिवारों में सबसे ज्यादा देखने को मिल रहे हैं। हाल में ही पश्चिम बंगाल के एक समृद्ध परिवार की लड़की ने ससुराल वालों की दहेज की प्रताड़ना के कारण आत्महत्या कर ली। हालांकि उसके परिवार ने शादी में लगभग दस करोड़ रुपए खर्च किए थे। एक रपट के मुताबिक, दहेज निषेध अधिनियम, 1961 होने के बावजूद लाखों मुकदमे पंजीकृत हो रहे हैं। यह सोचने का मामला है। एक अन्य पहलू भारत जैसे विकासशील देश के लिए यह भी है कि वैश्विक भुखमरी सूचकांक के मुताबिक भारत एक सौ सत्ताईस देशों में से एक सौ सातवें स्थान पर है।


## एक्शन इंडिया दैनिक

**भगवान शंकर जी के ग्यारहवें रुद्रावतार हनुमान जी (मेंहदीपुर, श्री बाला जी) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में श्रद्धापूर्वक समर्पित है।**

**आरएनआई: UTTHIN / 2009 / 31653**

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक, राकेश भारद्वाज द्वारा मारुतिनंदन प्रिंटर्स एंड पब्लिशर्स, ए-15, बड़ा बाग, जीटी करनाल रोड इन्डस्ट्रीयल एरिया, नई दिल्ली-33 से मुद्रित एवं 7/1 बल्लूपुर रोड, डॉ. टी पटनायक के सामने, कृष्णा नगर चौक के पास देहरादून, उत्तराखंड से प्रकाशित। एक्शन इंडिया में प्रकाशित लेखों में व्यक्त किये गये विचार एवं दृष्टिकोण संबंधित लेखक के हैं। संपादक या प्रकाशक का उनसे सहमत होना आवश्यक नहीं है। किसी भी विवाद का न्यायिक क्षेत्र देहरादून ही होगा।

**सम्पादकः रवि भारद्वाज (+919999889104)**
**actionindiaddn@gmail.com**



### वैधानिक सूचना

पाठकों को सलाह है कि एक्शन इंडिया, समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के आधार पर कोई निर्णय लेने से पहले विज्ञापन में प्रकाशित उक्त उत्पाद या सेवा के बारे में आवश्यक जांच-पड़ताल कर लें। समाचार पत्र प्रबंधक किसी भी विज्ञापन में गुणवत्ता, सेवा आदि के विवरण के बारे में विज्ञापनदाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता है। अतः समाचार पत्र उक्त विज्ञापनों के बारे में किसी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।


## चिंतन

## धारा 370 की विदाई को सुप्रीम कोर्ट की हरी झंडी

**राजेश माहेश्वरी**

**आखिरकार सुप्रीम** कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली पांच जजों की बेंच ने सर्वसम्मति से जम्मू-कश्मीर को विशेष राज्य का दर्जा देने वाले अनुच्छेद 370 को हटाना वैध माना है। इससे पिछले चार सालों से अदालत में लंबित सबसे महत्वपूर्ण मुद्दों में से एक पर विराम लग गया है। अदालत से सरकार को जम्मू-कश्मीर में अगले साल सितंबर तक चुनाव कराने और राज्य का दर्जा बहाल करने के लिए कहा है। सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि संविधान पीठ के पांच जजों ने एकमत से यह फैसला सुनाया। दूसरी बार सत्ता में आने के बाद मोदी सरकार ने पांच अगस्त 2019 को केंद्र की बीजेपी सरकार ने जम्मू-कश्मीर में अनुच्छेद 370 को निष्प्रभावी करते हुए इसे दो केंद्र शासित प्रदेशों में बांट दिया था। सुप्रीम कोर्ट के ताजा आदेष ने मोदी सरकार के फैसले ने पर पक्की मुहर लगा दी है। सुप्रीम कोर्ट के आदेश पर मिलीजुली प्रतिक्रिया देखने को मिल रही है। नेशनल कॉन्फ्रेंस के उपाध्यक्ष उमर अब्दुल्लाह ने कहा है कि वह निराश हैं. वहीं महबूबा मुफ़्ती ने इसे आइडिया ऑफ इंडिया की हार बताया है। कांग्रेस नेता और जम्मू-कश्मीर के राजा रहे हरि सिंह के बेटे कर्ण सिंह ने इस फैसले का स्वागत किया है। एआईएमआईएम प्रमुख और हैदराबाद से सांसद असदुद्दीन ओवैसी ने कहा कि वो सुप्रीम कोर्ट के फैसले से खुश नहीं है। मोदी सरकार को सुप्रीम कोर्ट के फैसले से भारी राहत मिली है। प्रधानमंत्री मोदी ने अपने ट्वीट में कहा कि ये फैसला सिर्फ.कानूनी आदेश नहीं बल्कि ये उम्मीद की किरण है। संविधान का अनुच्छेद 370, जो जम्मू और कश्मीर को स्वायत्तता प्रदान करता था, 1947 में राज्य के तत्कालीन प्रधान मंत्री शेख अब्दुल्ला द्वारा तैयार किया गया था, और भारत के पहले प्रधान मंत्री जवाहरलाल नेहरू द्वारा स्वीकार किया गया था। केवल एक अस्थायी प्रावधान के रूप में। इसे अक्टूबर 1949 में भारतीय संविधान में शामिल किया गया था। 1954 में अनुच्छेद 370 के हिस्से के रूप में संविधान में एक और प्रावधान जोड़ा गया। संविधान के अनुच्छेद 370 ने भारतीय संघ में जम्मू और कश्मीर को विशेष दर्जा दिया था और राज्य के संबंध में केंद्र की विधायी शक्तियों को प्रतिबंधित कर दिया था. इसने राज्य विधायिका को वित्त, रक्षा, विदेशी मामले और संचार को छोड़कर सभी मामलों में अपना कानून बनाने का अधिकार दिया था।

## शिक्षक की थकान विद्यार्थी का नुकसान

**विजय गर्ग**

**अंग्रेजी** का एक शब्द है- 'बर्नआउट' । आजकल इसका हिंदी में भी उपयोग होने लगा है। इसका अर्थ है बहुत अधिक काम के कारण होने वाली थकान से अवसाद, चिड़चिड़ापन और हमेशा थकान का अनुभव होना । जैसे किसी वाहन में ईंधन खत्म हो जाए, और वह रुक जाए। ऐसी ही हालत बहुत अधिक काम की वजह से किसी इंसान की हो जाए, तो उसे 'बर्नआउट' का शिकार कहा जाएगा। कार्पोरेट जगत में तो यह एक आम बात है। कम उम्र में ही लोग थक कर चूर और कई बीमारियों का शिकार हो जाते हैं। गौरतलब है कि देश में शिक्षण के पेशे में 'बर्न आउट' की गंभीर समस्या है, पर इस पर शायद ही कोई गंभीरता से ध्यान दे रहा हो। शिक्षक लगातार इस कोशिश में रहते हैं कि वे विद्यार्थियों को बेहतर शिक्षा दें। शायद यह बात सभी स्कूलों पर लागू नहीं होती, तो भी ऐसे कई स्कूल तो हैं ही, जिनमें यह स्थिति हमेशा देखी जा सकती है। शिक्षक तनाव महसूस करते हैं, उन्हें शारीरिक और मानसिक थकान का अनुभव होता है, तो वे अक्सर अपने कामकाज को लेकर उदासीन हो जाते हैं। नौकरी में आनंद नहीं बचता, मगर नौकरी करना मजबूरी भी है। इसका सबसे बुरा असर पड़ता है बच्चों पर, जो स्कूल या कालेज में पढ़ रहे होते हैं। ऐसे में शिक्षक अक्सर शारीरिक, मानसिक और भावनात्मक रूप से क्लांत हो जाते हैं। विरक्ति और उदासीनता भी इसी स्थिति में जन्मती है। शिक्षक में अत्यधिक थकान की कई वजहें होती हैं। स्कूलों में शिक्षकों की संख्या अक्सर आवश्यकता से कम होती है। जब कुछ शिक्षक गैरहाजिर होते हैं, तो समस्या और बढ़ जाती है। बाकी शिक्षकों को अनुपस्थित शिक्षकों की कक्षाएं लेनी पड़ती हैं, जिसका अर्थ है अतिरिक्त जिम्मेदारी और दोहरा तनाव अक्सर स्कूलों में शिक्षकों को प्रशासनिक काम भी सौंप दिए जाते हैं। नए छात्रों के प्रवेश के समय, या नए सत्र की शुरूआत में अक्सर ऐसा होता है जब देश में चुनाव या कोई महामारी जैसी घटना हो जाए तो शिक्षकों को भी ऐसे कामों में लगा दिया जाता है, जिसका न उन्हें अनुभव होता है और न उनमें रुचि। कभी-कभार शहर में या दूर कहीं विशेष प्रशिक्षण के लिए जाना पड़ता है।

ACTION INDIA

# एक्शन इंडिया

Front Page - 2

एक्शन इंडिया ▸ देहरादून ▸ 13 दिसंबर 2023 ▸ पृष्ठ 08 ▸ आरएनआई: UTTHIN / 2009 / 31653

RKB GROUP Rakesh Bhardwaj Group

# नवीन त्यागी ने सुंदरकांड पाठ कर किया जन्मदिन का भव्य आयोजन

## आदर्श नगर विधानसभा के हजारों लोगों ने कार्यक्रम में लिया हिस्सा ▪ राजनीतिक गलियारों में इसे शक्ति प्रदर्शन के रूप में देखा जा रहा है










**टीम एक्शन इंडिया/ नई दिल्ली**

**केवल** पार्क के प्राचीन शिव मंदिर में सिविल लाइन जोन के पूर्व चेयरमैन नवीन त्यागी का जन्मदिन बड़ी ही धूमधाम से मनाया गया। इसी मौके पर सुंदरकांड पाठ का भी आयोजन किया।

इस दौरान आदर्श नगर विधानसभा के लगभग सभी इलाकों से हजारों की संख्या में लोग शामिल हुए।

**बधाई देने वालों का लगा रहा तांता:** सिविल लाइन जोन के पूर्व चेयरमैन नवीन त्यागी के जन्मदिन के अवसर पर बधाई देने वाले लोगों का तांता लगा रहा है। इस दौरान भाजपा और अन्य दलों के नेताओं, समाजसेवियों और धर्मावलम्बियों ने भी बढ़चढ़ कर हिस्सा लिया।

**ये लोग रहे मौजूद:** जन्मदिन कार्यक्रम में पूर्व केन्द्रीय मंत्री डॉ. हर्षवर्धन, आदर्श नगर के विधायक पवन शर्मा, पूर्व विधायक जय प्रकाश यादव, एक्शन इंडिया के समूह संपादक रवि भारद्वाज, दिल्ली नगर निगम में नेता सदन मुकेश गोयल, निगम पार्षद रेखा गुप्ता, निगम पार्षद शिखा भारद्वाज, निगम पार्षद नेहा अग्रवाल, निगम पार्षद सुमन शर्मा, निगम पार्षद सुमन त्यागी, निगम पार्षद अजीत यादव, पूर्व निगम पार्षद नीलम बुद्धिराजा, पूर्व पार्षद गरिमा गुप्ता, पूर्व निगम पार्षद सुरेन्द्र खर्ब, मास्टर जयकिशन, मंडल अध्यक्ष प्रदीप राणा, मंडल अध्यक्ष दलबीर पुनिया, मंडल अध्यक्ष सुभाष झा, जिला उपाध्यक्ष नरेश मलिक के अलावा आदर्श नगर रामलीला कमेटी, केवल पार्क रामलीला कमेटी, आरडब्ल्यूए केवल पार्क, आरडब्ल्यूए केवल पार्क एक्सटेंशन, मजलिस पार्क आरडब्ल्यूए, आरडब्ल्यूए




रामेश्वर नगर, आरडब्ल्यूए गोपाल नगर, आरडब्ल्यूए पुलिस कॉलोनी, आरडब्ल्यूए धीरपुर, आरडब्ल्यूए गांधी विहार, राममंदिर मजलिस पार्क, राममंदिर केवल पार्क, हनुमान मंदिर केवल पार्क, श्याम मस्ताना मंडल, प्राचीन शिव मंदिर केवल पार्क, जहांगीरपुरी आरडब्ल्यूए, संजय पार्क, माता मंदिर गोपाल नगर, सूरज नगर मंदिर, आजादपुर आरडब्ल्यूए, महेन्द्रा पार्क आरडब्ल्यूए, भंडौला व सराय पीपल थला की संस्थाओं सहित हजारों की संख्या में लोग मौजूद रहे।

इस दौरान जाट सभा, ब्राह्मण सभा और इन्द्रप्रस्थ सीनियर सीटीजन और प्राचीन शिव मंदिर केवल पार्क ने नवीन त्यागी को पगड़ी पहनाकर उनका स्वागत सत्कार किया और इन्हें बधाई दी।

**सुंदरकांड पाठ का आयोजन:** नवीन त्यागी के जन्मदिन के अवसर पर केवल पार्क के प्राचीन शिव मंदिर में सुंदरकाण्ड पाठ का आयोजन किया गया। इस दौरान एक से बढ़कर एक सुमधुर भजनों की प्रस्तुति भी की गई।

**हजारों की संख्या में लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया:** सुंदरकांड पाठ समापन के बाद मंदिर में नवीन त्यागी की दीघार्यु व स्वास्थ जीवन के लिए विशेष पूजन-आरती करने के बाद प्रसाद का वितरण किया गया, जिसमें हजारों की संख्या में आए लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया।













